

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 31 अगस्त 2026

बेमेतरा जिले के पथर्रा में खुली जेल बनकर तैयार

खुली जेल किसके लिए, कमेटी तय करेगी, हत्यारे, बलात्कारी और पॉक्सो के आरोपियों की नो एंट्री, सरकार ने तय किए नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की जेलों में 10 साल या उससे अधिक की सजा काट रहे कैदियों में से कुछ ऐसे कैदी अब खुली हवा में सांस ले सकेंगे, जिनका आचरण, चाल-चलन ठीक है। वहीं गंभीर किस्म के अपराध बलात्कार, हत्या और पॉक्सो के मामलों में सजायाफ्ता बंदियों को खुली जेल की खुली हवा नसीब नहीं होने वाली है। राज्य सरकार ने खुली जेल के संचालन और प्रबंधन के लिए जो नियम तय किए हैं, उसमें यह स्पष्ट किया गया है।

राज्य के बेमेतरा जिले के ग्राम पथर्रा में खुली जेल बनकर तैयार है। साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में 13 खुली जेलें बनाई जानी हैं। ⏭शेष पेज 7 पर



अच्छा चरित्र और आचरण

बंदी का पिछला चरित्र अच्छा होना चाहिए और उसका अपराध क्रूरता, अत्यधिक नैतिक अधमता या मानसिक विकृति का संकेत देने वाला नहीं होना चाहिए। साथ ही जेल में सजा के दौरान उसने कोई कारागार अपराध न किया हो। ऐसे बंदी, जिन्हें आजीवन कारावास या 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा सुनाई गई है। बंदी की आयु 30 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम होनी चाहिए। बंदी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा श्रम करने में सक्षम होना चाहिए। अर्जित परिहार को छोड़कर बंदी ने कुल कम से कम 7 साल की सजा काट ली हो, जिसमें से कम से कम 3 साल की अवधि दोषसिद्ध बंदी के रूप में पूरी की गई हो। इसके अलावा बंदी कम से कम दो बार पश्चात्वर्ती छुट्टियों (पैरोल आदि) पर जा चुका हो।

इन कैदियों के लिए नहीं है खुली जेल

गंभीर अपराधों में संलिप्त और अन्य श्रेणियों के बंदियों को खुली जेल में ट्रांसफर के लिए पूरी तरह अपात्र घोषित किया गया है:

गंभीर और जघन्य अपराध: *भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई गंभीर धाराओं (जैसे हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध, जैसे पॉस्को एक्ट या बलात्कार से जुड़े मामले) के तहत दोषसिद्ध बंदी, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए), छत्तीसगढ़ विशेष जनसुरक्षा अधिनियम, यूएपीए (यूएपीए), टाडा, पोटा, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और एनडीपीएस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत निरुद्ध बंदी।*

इन्हें भी नो एंट्री

जिन बंदियों को मृत्युदंड दिया गया है या जिनकी फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदला गया है, जो बंदी अविवाहित हैं, या जो छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी नहीं हैं अथवा उसी जिले के निवासी हैं, जहां खुली जेल स्थित है, वे भी इसमें शामिल नहीं हो सकेंगे। इसके अलावा मानसिक या शारीरिक रूप से अक्षम घोषित किए गए बंदी भी इसके पात्र नहीं होंगे।

चयन प्रक्रिया और समिति का गठन

खुली जेल में बंदियों के स्थानांतरण के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया तय की गई है। पात्र बंदी संबंधित जेल अधीक्षक को आवेदन देंगे, जिसके बाद त्रैमासिक आधार पर नामावली खुली जेल के अधीक्षक को भेजी जाएगी। नामों पर अंतिम निर्णय के लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता महानिदेशक (जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं) करेंगे। समिति के अन्य सदस्यों में जेल उप महानिरीक्षक/सहायक महानिरीक्षक, महानिदेशक द्वारा नामांकित केंद्रीय जेल के अधीक्षक और खुली जेल के अधीक्षक (सदस्य-सचिव) शामिल होंगे।

आर्थिक प्रबंधन और रोजगार

बंदियों के पुनर्वास के लिए खुली जेल परिसरों में जेल उद्योग, कृषि कार्य, पशुपालन और अन्य रोजगारोन्मुखी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर निधि आवंटित होगी, जबकि इन गतिविधियों से होने वाली आय सीधे राज्य शासन के खाते में जमा की जाएगी। पैरोल और छुट्टियों के लिए 'बंदी अधिनियम, 1900' और 'छत्तीसगढ़ बंदी अवकाश नियम, 1989' लागू होंगे।

खबर संक्षेप

राजनीतिक दलों को मिले चंदे पर आज सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करने वाला है, जिसमें आयकर अधिनियम के उस प्रावधान की वैधता को चुनौती दी गई है, जो राजनीतिक दलों को 2,000 रुपये से कम के 'पहचान गुप्त रखते हुए' दिये गए नकद चंदे को स्वीकार करने की अनुमति देता है। याचिका में कहा गया है कि पारदर्शिता की यह कमी चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को कमजोर करती है, क्योंकि यह प्रावधान मतदाताओं को चंदा देने वाले और उनके उद्देश्य सहित राजनीतिक वित्तपोषण के स्रोत संबंधी अहम जानकारी से वंचित करता है, जिससे वे मतदान करते समय तर्कसंगत, समझदारी भरा और पूरी जानकारी के साथ फैसला नहीं कर पाते।



मानसून का रौद्र रूप, कई राज्यों में लगातार बारिश ने बढ़ाई मुसीबत

चित्रकूट में जल तांडव, बांध टूटा, नदी छलकी छत्तीसगढ़ में रेड अलर्ट, पांच राज्यों में खतरा

यूपी के चित्रकूट में लगातार बारिश के चलते मंदाकिनी नदी रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ गई है। नदी का पानी रामघाट और मध्य प्रदेश की सीमा से लगे कई इलाकों में भर गया है। नदी ने 23 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सड़कों पर नाव चल रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को नाव और हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित निकाला जा रहा है। इधर, आईएमडी ने छत्तीसगढ़ समेत देश के छह राज्यों में भारी बारिश का अनुमान जताया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चित्रकूट और पड़ोसी मध्य प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में हुई भारी बारिश के बाद नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया। मंदाकिनी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा और खतरे के निशान 126 सेंटीमीटर को पार कर गया। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से करीब 26 फीट ऊंची बह रही है। घाट किनारे करीब 400 दुकानें डूब चुकी हैं। लोग घरों और होटलों में फंसे हैं। दो हेलीकॉप्टर के साथ एसडीआरएफ की टीमें ⏭शेष पेज 7 पर

खास बातें

- बिहार में बढ़ा गंगा का जलस्तर, यूपी-मप्र में मंदाकिनी नदी ने तोड़ा रिकॉर्ड
- चित्रकूट में रामघाट से लेकर मंदिर-मठ डूबे, बहा पुल, सड़कों पर चलीं नावें
- यूपी में योगी ने दिए निर्देश, मप्र के सीएम ने भी किया इलाकों का दौरा



बुजुर्ग ने रोका सीएम मोहन का रास्ता

बाढ़ प्रभावित चित्रकूट का दौरा करने पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने रविवार को एक अलग दृश्य दिखा। बाढ़ से प्रभावित इलाके में निरीक्षण के दौरान एक बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री का रास्ता रोक लिया। बुजुर्ग ने उनसे कहा कि पहले मेरा घर देखो। मुख्यमंत्री भी नहीं रुके और न ही आगे बढ़ गए। उन्होंने बुजुर्ग की बात सुनी और उनके साथ घर तक ⏭शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ में टूट नहीं रही धार महासमुंद, बलौदाबाजार समेत आधा दर्जन जिलों में आज रेड अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगस्त में सक्रिय पांचवी मौसम तंत्रिका की वजह से अगस्त की विदाई राज्य में झमाझम बारिश के साथ होगी। बंगाल की खाड़ी में पश्चिम ओडिशा की तरफ आगे बढ़ रहे निम्नदाब के क्षेत्र के प्रभाव से अगले चौबीस घंटे में महासमुंद, बलौदाबाजार, जांजगीर, सक्ती, सारंगढ़ तथा सक्ती में अतिभारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है। पिछले चौबीस घंटे भादो में लगी सावन जैसी झड़ी का असर रविवार को राजधानी के जनजीवन पर नजर आया। धूप नहीं निकलने और रिमझिम ⏭शेष पेज 7 पर

इन इलाकों में हुई वर्षा

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले चौबीस घंटे में मौसम वेधशाला लालपुर (रायपुर) में साढ़े 3 सेमी. बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा रघुनाथ नगर, रामानुज नगर में 12-12, राजपुर में 10, कुसमी, चांदो ⏭शेष पेज 7 पर

बवाल के तीसरे दिन भी बल तैनात, नौ आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खपरगंज बवाल मामले में रविवार को भी पुलिस की कार्रवाई जारी रही। पुलिस ने एक पक्ष के 6 व दूसरे पक्ष के 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। वहीं संदिग्धों के घरों व ठिकानो में दबिश भी दी जाती ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

संदिग्धों के घरों में दबिश देती रही पुलिस



छावनी बना रहा इलाका

मामले की गंभीरता को देखते हुए तीसरे दिन भी खपरगंज इलाके में अलग अलग टोलियों में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिसकर्मी पूरे इलाके में सर्चिंग कर संदिग्धों पर नजर रख रहे हैं। इसी तरह लगातार क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों के द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है। ⏭शेष पेज 7 पर



भाई को बचाने तीन बहनों की गई जान

जयपुर। राजस्थान के धौलपुर जिले में रविवार तड़के एक तालाब में भाई को डूबने से बचाने के प्रयास में उसकी तीन बहनें भी गहरे पानी में डूब गईं। इस हादसे में चारों की मौत हो गई। यह हादसा बिरजा गांव के पास स्थित हीरामन कुंड तालाब में हुआ। रवि (21) शनिवार रात अपनी बहनों मनोरमा (22), बोटो (25) और चचेरी बहन कल्लो (18) के साथ मेले में शामिल होने के बाद हीरामन बाबा मंदिर आया था।

मथुरा में चार को मनेगा श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

मथुरा। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर स्थित भागवत भवन सहित सभी मंदिरों में भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि यानी चार सितंबर को मध्यरात्रि में मनाया जाएगा। इस वर्ष महापर्व का आयोजन 'गौरक्षा-राष्ट्र रक्षा' के संकल्प सूत्र के साथ किया जा रहा है।



देशभर में भारतीय मानक समय का पालन अनिवार्य

नई दिल्ली। भारत में अब कानूनी, वाणिज्यिक, प्रशासनिक और डिजिटल गतिविधियों के लिए भारतीय मानक समय को आधिकारिक समय-संदर्भ के रूप में इस्तेमाल करना अनिवार्य होगा। केंद्र सरकार ने लीगल मेट्रोलॉजी रूल्स, 2026 अधिसूचित कर दिए हैं। ये नियम गजट में प्रकाशन के 180 दिन बाद लागू होंगे। ऐसे में मार्च 2027 के आसपास से देशभर में इनका प्रभाव शुरू होने की संभावना है।



18600 फीट पर सेना का साहस, हेलीकॉप्टर ने एक स्किड टिकाकर मरीज को बचाया

नुन-कुन पहाड़ी पर कम रोशनी में रेस्क्यू ने किया दुनिया को अचंभित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना के एविएशन पायलटों ने शनिवार को बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 18,600 फीट की ऊंचाई पर सफल मेडिकल रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। नुन-कुन पर्वत श्रृंखला के पास तेज हवाओं और खड़ी पहाड़ी ढलान के बीच एक घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह अभियान उस समय किया गया, जब ऊंचाई वाले इलाके में दिन की आखिरी रोशनी तेजी से खत्म हो रही थी। ऐसे में पायलटों के पास ऑपरेशन पूरा करने के लिए बेहद कम समय था।

18,600 फीट पर हेलिकॉप्टर उड़ाना था चुनौतीपूर्ण

इतनी अधिक ऊंचाई पर हवा का घनत्व काफी कम हो जाता है। इससे हेलिकॉप्टर के इंजन के प्रदर्शन और रोटर से मिलने वाली लिफ्ट पर असर पड़ता है। चुनौती को देखते हुए विमान से गैर-जरूरी सामान हटाकर उसका वजन कम किया गया। हेलिकॉप्टर में केवल जरूरी ईंधन रखा गया, ताकि वजन कम रहने से ऊंचाई पर उड़ान और रेस्क्यू की क्षमता बेहतर बनी रहे। इसके बावजूद मरीज को सुरक्षित निकालने के लिए पर्याप्त दूरी तय करने लायक ईंधन रखा गया।



खड़ी ढलान पर कैसे हुआ रेस्क्यू?

मरीज तक पहुंचने के बाद पायलटों के सामने सबसे बड़ी चुनौती हेलिकॉप्टर को उतारने के लिए जगह न होना थी। घटनास्थल पर तेज पहाड़ी हवाएं चल रही थीं और ढलान काफी खड़ी थी। ऐसे हालात में हेलिकॉप्टर का सिर्फ एक स्किड ढलान से टिकाया गया। इसी स्थिति में मरीज को तेजी से हेलिकॉप्टर के अंदर सुरक्षित किया गया। मरीज को सुरक्षित लेने के बाद हेलिकॉप्टर ने वहां से उड़ान भरी और सफलतापूर्वक नीचे पहुंचा।

सेना ने बताया साहस और तकनीकी दक्षता का उदाहरण

भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस अभियान की जानकारी साझा की। सेना ने बताया कि नुन-कुन के पास 18,600 फीट की ऊंचाई पर बिना लैंडिंग स्पेस और तेज हवाओं के बीच यह निकासी की गई। सेना के मुताबिक, आखिरी उपलब्ध लैंडिंग विंडो का इस्तेमाल करते हुए पायलटों ने असाधारण सटीकता और साहस के साथ ऑपरेशन पूरा किया।

हेलिकॉप्टर को हल्का करने उतारे गैरजरूरी उपकरण

भारतीय सेना के पायलटों ने नुन-कुन के पास 18,600 फीट की ऊंचाई पर बेहद चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू करने से पूर्व हेलिकॉप्टर को हल्का करने के लिए गैर-जरूरी उपकरण हटाए गए और सीमित ईंधन के साथ उड़ान भरी गई। यह रेस्क्यू अभियान भारतीय सेना एविएशन की ऑपरेशनल तैयारी, तकनीकी क्षमता और कठिन पर्वतीय इलाकों में लोगों की जान बचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

खबर संक्षेप

शी जिनपिंग शिखर सम्मेलन में भाग लेने किर्गिस्तान पहुंचे

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 26वें शंघाई सहयोग



संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रविवार को किर्गिस्तान पहुंचे। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एससीओ सदस्य देशों के अन्य नेता भी शामिल होंगे। एससीओ का शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित होगा। एससीओ के सदस्य देशों में रूस, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और चीन शामिल हैं।

बलूचिस्तान में धमाका तीन भाइयों की मौत

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक गाड़ी को लक्षित कर संवर्धित विस्फोटक उपकरण में किये गए धमाके में तीन भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह धमाका डुकी जिले की लुनी तहसील के किल्ली बख्तियार खान इलाके के पास हुआ। डुकी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मंसूर अहमद बुजदार ने बताया कि तीनों भाई अपनी पिक-अप ट्रक में सवार होकर खेतों की ओर जा रहे थे, तभी रिमोट कंट्रोल से आईईडी में किये गए धमाके की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई।

चिटफंड घोटाले का आरोपी प.बंगाल में गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने चिट-फंड 'घोटाले' से जुड़े



मामले में फरार डीएनबी फूड प्रोसेसिंग के प्रवर्तक देबब्रत दत्ता को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि दत्ता को 28 अगस्त को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई का आरोप है कि दत्ता ने निवेश पर आकर्षक रिटर्न का लालच देकर भोले-भाले निवेशकों से 17 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई। भोले-भाले जमाकर्ताओं से गैर-कानूनी तरीके से इकट्ठा किए गए 17,22,39,453 रुपये का गबन किया।

न्यूयॉर्क में आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' कार्यक्रम में रखे विचार

एकता और विविधता भारत के डीएनए में है इसका सम्मान किया जाना चाहिए : भागवत


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' कार्यक्रम में भारत की विविधता, एकता, मानवता और आध्यात्मिक विकास को लेकर अपने विचार रखे। इस दौरान उन्होंने कहा कि एकता और विविधता भारत के डीएनए में है। इस कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक भारतीय मूल के अमेरिकी शामिल हुए, जबकि 30 देशों के करीब 180 धार्मिक नेता भी शामिल हुए।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क में 'वन वर्ल्ड वन ह्यूमैनिटी' कार्यक्रम में धर्म, मानवता और भारत की परंपराओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत की पारंपरिक सोच रही है कि धर्म अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मानवता एक है। मोहन भागवत ने कहा कि यदि कोई हिंदू यह सोचता है कि भारत में कोई मुस्लिम नहीं होना चाहिए, तो वह एक हिंदू नहीं रह जाएगा।

इंसानियत सभी धर्मों से ऊपर

संघ प्रमुख ने कहा कि लोगों का पहनावा, रहन-सहन, शरीर और पूजा-पद्धति अलग हो सकती है, लेकिन उनके बीच एक जन्मजात जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि इंसानियत सभी धर्मों से ऊपर है और अलग-अलग रास्ते अंततः एक ही सत्य की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का दायित्व है कि वह स्वयं 'विविधता में एकता' को महसूस करे और समय-समय पर पूरी दुनिया को भी इसका एहसास कराए। उन्होंने मानव जीवन में आध्यात्मिक विकास को भी जरूरी बताया।



कई परंपराएं मगर एक धागे में बुने हार जैसी

आरएसएस चीफ भागवत ने कहा, कई भारतीय परंपराओं में कई नाम हैं, लेकिन यह सच है जो हम सभी को जोड़ता है। हमारे अलग-अलग शरीर, अलग-अलग कपड़े, अलग-अलग पूजा, सब कुछ अलग होने के बावजूद, एक ही धागे से बुने हुए हार के मोतियों की तरह, यह आत्मा हर किसी में है और यह हम सभी को जोड़ती है।

कर्मभूमि के प्रति वफादार रहना चाहिए

भागवत ने कहा, अमेरिका में रहने वाले भारतीय लोगों का अपनी कर्मभूमि के प्रति एक फ़र्ज़ है और उन्हें उसे पूरा करना चाहिए। उन्हें अपनी कर्मभूमि के प्रति वफ़ादार रहना चाहिए। क्योंकि भारत उनकी जन्मभूमि है, अगर उनमें कुछ करने की इच्छा है, तो वे अपनी कर्मभूमि के प्रति अपना फ़र्ज़ पूरा करने के बाद वह कर सकते हैं, यह मना नहीं है। लेकिन यह जरूरी नहीं है। आपकी जन्मभूमि आपसे उम्मीद करती है कि आप उन मूल्यों पर जिएं जो उसने आपको दिए हैं।

संघ की किताबों में तो कुछ और ही लिखा है : दीक्षित



संघ प्रमुख भागवत के बयान पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा, 'अगर कोई संघ की प्राथमिक किताबें पढ़े तो उसमें चिन्हित किया जाता है कि भारत के तीन दुश्मन हैं- मुसलमान, कम्युनिस्ट और क्रिश्चियन। अगर ये दुश्मन माने गए हैं तो कैसे कह सकते हैं कि सभी बराबरी के हैं।' दीक्षित ने कहा विनायक दामोदर सावरकर ने कहा था कि हिन्दुस्तान में ये दूसरे दर्जे के लोग होने चाहिए।

समझ नहीं आया राहुल बोल रहे या भागवत : सिब्बल



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका में विविधता पर दिए गए बयानों पर राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा उन्हें यह समझ नहीं आया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बोल रहे थे या संघ प्रमुख। सिब्बल ने कहा कि आप विदेशों में तो विविधता को स्वीकार करते हैं, लेकिन देश में विविधता को बर्दाश्त नहीं करते।

यह आरएसएस की पुरानी चाल : ओवैसी



संघ प्रमुख मोहन भागवत के न्यूयॉर्क में हुए कार्यक्रम के एक बयान पर अब एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह आरएसएस की पुरानी चाल है। कुछ बातें दुनिया के लिए होती है, कुछ अपने सदस्यों के लिए। आरएसएस के लिए भारतीय मुसलमान और ईसाई क्रमशः नंबर एक और नंबर दो के आंतरिक खतरे हैं। गोलवलकर का कहना है कि मुस्लिम नागरिकों को हमेसा शक की नजर से देखा जाना चाहिए।

आईएसआईएस से जुड़े आतंकी फसीउर को 7 साल की सजा

अल-हिंद टेरर केस में एनआईए कोर्ट का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएएआईएस से जुड़े आतंकी साजिश मामले में आरोपी सैयद फसीउर रहमान को दोषी ठहराते हुए 7 साल की कठोर कैद और 48 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला मूल रूप से कर्नाटक पुलिस ने 10 जनवरी 2020 को बेंगलुरु में दर्ज किया था और एनआईए ने 23 जनवरी 2020 को इसे अपने हाथ में लेकर अल-हिंद आईएसआईएस केस के तौर पर फिर से दर्ज किया था। अब तक एनआईए ने 20 आरोपियों के खिलाफ 3 चार्जशीट दाखिल की हैं। इससे पहले, अक्टूबर 2025 में शुरू हुए ट्रायल के दौरान अपना अपराध कबूल करने के बाद हनीफ खान को 14 जुलाई को दोषी ठहराया गया था।



साजिश का मुख्य आरोपी महबूब पाशा

एनआईए की जांच के अनुसार, इस साजिश का मास्टरमाइंड मामले का मुख्य आरोपी महबूब पाशा था, जिसने बेंगलुरु के गुरुप्पनापाल्या स्थित अपने घर पर कई बैठकें की थीं। इन बैठकों में आरोपियों ने सांप्रदायिक दंगे भड़काने और प्रतिबंधित आईएसआईएस आतंकवादी संगठन के राष्ट्र-विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए टारगेटेड किलिंग करने की योजना बनाई थी। दोषी ठहराए गए सैयद फसीउर रहमान को साजिश की बैठकों में शामिल पाया गया था और उसने अल-हिंद समूह के सदस्यों की जंगल-कैंप ट्रेनिंग के लिए एक स्पोर्ट्स शोरूम से टेंट और चाकू खरीदे थे। इस साजिश का मकसद आईएसआईएस/दाएश विलायत (प्रांत) स्थापित करना था।

दो आईएसआईएस आतंकी और पकड़ाए

इससे पहले, 13 अगस्त को कर्नाटक के कलबुर्गी में पाकिस्तान और आतंकी संगठन आईएसआईएस से कथित संबंधों के आरोप में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों की पहचान मोहम्मद समीर और सलमान के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और आईएसआईएस के साथ नियमित संपर्क में थे।

मणिपुर में फिर हिंसा
थौबल में ग्रेनेड धमाका

नोनी में उग्रवादी गुटों के बीच गोलीबारी, एक मृत, छह घायल



इंफाल। मणिपुर में हिंसा की दो अलग-अलग घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। नोनी जिले में एक सशस्त्र संगठन के दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में एक उग्रवादी की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हुए हैं। वहीं, थौबल जिले में एक तेल पंप के भीतर ग्रेनेड फेंके जाने से धमाका हुआ, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के मुताबिक एक अन्य गांव मरैरा में पांच आईईडी और कई ड्रोन बम सहित बड़ी संख्या में हथियार मिले।

दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी

पुलिस के मुताबिक, कल तड़के नोनी जिले में जेलियांगरोंग यूनाइटेड फ्रंट-कामसन और जेलियांगरोंग यूनाइटेड फ्रंट-जेंघुई के कैडरों के बीच टकराव हुआ। इस दौरान दोनों पक्षों में गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक की पहचान 37 वर्षीय जांगैलिंग गोनमेई के रूप में की है।

थौबल में तेल पंप पर ग्रेनेड से धमाका

मणिपुर के थौबल जिले में कुछ अज्ञात लोगों ने एक तेल पंप पर ग्रेनेड फेंका। आरोपी शाम करीब 6:30 बजे एक कार से वहां पहुंचे और परिसर के अंदर खड़े एक तेल टैंकर के पास ग्रेनेड फेंक दिया। धमाके से इलाके में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

मुंबई में गणेश चतुर्थी से पहले ही 'बप्पा' का आगमन



मुंबई। देश के कई भागों में गणेश चतुर्थी त्योहार की तैयारी महीनों पहले ही शुरू हो जाती है और गणपति बप्पा के स्वागत का इंतजार करते हुए शहर का जोश और उत्साह एक अलग ही स्तर पर पहुंच जाता है। मुंबई में हर बार की तरह इस बार भी खेरानी चा राजा 2026 के शानदार आगमन के साथ मुंबई भक्ति के रंग में रंग गई है। धूम-धाम से हो रहे जश्न से लेकर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों तक पूरा शहर उत्सव के माहौल में डूबा हुआ है और भक्त बप्पा का स्वागत करने के लिए एक साथ आ रहे हैं। भगवान गणेश की भव्य और सुंदर मूर्ति का स्वागत करने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा होती दिखी। इस साल गणेश चतुर्थी 14 सितंबर से शुरू होकर 25 सितंबर को भव्य विसर्जन के साथ संपन्न होगी।

पुलिस मुठभेड़ में चार हथियारबंद मारे गए

शिलांग। मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले में रविवार तड़के मेघालय पुलिस और आतंकवाद रोधी दस्ते की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में चार हथियारबंद लोग मारे गए। ईस्ट गारो हिल्स के पुलिस अधीक्षक पवार एस. वसंतराव ने बताया कि यह मुठभेड़ रविवार तड़के करीब चार बजे हुई।संयुक्त टीम ने सोंगसाक से कागल जाने वाली सड़क पर एक वाहन को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसमें सवार लोगों ने पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। एसपी ने बताया, ''जवाबी गोलीबारी में वाहन में सवार चारों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।''

केंद्र को कठोर कानून बनाने के लिए कहा

सीजेआई बोले- गंभीर मामलों में न्यायपालिका संसद का इंतजार नहीं करती, डिजिटल अरेस्ट पर खुद लिया संज्ञान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए तरह के फ्रॉड पर संसद के कानून बनाने का इंतजार करने के बजाय सक्रिय रूप से कार्रवाई करती है। उन्होंने शनिवार को लंदन में 43वें इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन इकोनॉमिक क्राइम के समापन समारोह में यह बात कही। सीजेआई ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम पर स्वतः संज्ञान लिया है। इसमें ठग वीडियो कॉल के जरिए खुद को पुलिस अधिकारी, न्यायिक अधिकारी या सरकारी अधिकारी बताकर लोगों से धोखाधड़ी करते हैं। सीजेआई ने मनी लॉन्ड्रिंग, केजरीवाल जमानत केस और भ्रष्टाचार पर भी बात की। सीजेआई ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2025 में डिजिटल अरेस्ट के एक मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।

पीएमएलए कानून में दुरुपयोग की शिकायतें

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि पीएमएलए जैसी व्यवस्थाएं पूरी तरह अचूक नहीं हैं। कुछ लोगों ने जांच एजेंसियों पर इसके दुरुपयोग के आरोप लगाए हैं। इनमें गिरफ्तारी के स्पष्ट कारण नहीं बताने और जरूरत से ज्यादा हिरासत में रखने जैसी शिकायतें शामिल हैं। ऐसे मामलों में न्यायपालिका ने हस्तक्षेप कर राहत दी है।



गिरफ्तारी के कारण लिखित में देना जरूरी

गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में देना जरूरी है। केवल मौखिक रूप से कारण बताना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल बनाम सीबीआई मामले का भी जिक्र किया और कहा कि लंबे समय तक मुकदमे से पहले हिरासत में रखना सजा में नहीं बदलना चाहिए।

कौटिल्य ने भी भ्रष्टाचार का जिक्र किया था

चीफ जस्टिस ने करीब 2300 साल पुराने कौटिल्य के अर्थशास्त्र का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि इसमें सरकारी अधिकारियों द्वारा खजाने से धन निकालने के तरीकों का उल्लेख है। कौटिल्य ने सरकारी धन के लालच की तुलना जीभ पर रखे शहद या जहर का स्वाद लेने से की थी।

आर्थिक अपराधों से निपटने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग

सीजेआई ने कहा कि आर्थिक अपराध और अवैध पैसा अक्सर देशों की सीमाओं के पार चला जाता है। ऐसे मामलों में दूसरे देशों के साथ सहयोग जरूरी है। उन्होंने म्यूचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी को अवैध संपत्ति और धन को वापस लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

मनी लॉन्ड्रिंग का पैसा वापस लाना चुनौती

सीजेआई ने कहा कि दुनिया में हर साल बड़े पैमाने पर अवैध धन की मनी लॉन्ड्रिंग होती है। इसके मुकाबले 100 में से एक से भी कम हिस्सा वापस हासिल हो पाता है। ऐसे में अवैध संपत्ति की बरामदगी अब भी बड़ी चुनौती है।

साइप्रस में 267 यात्रियों से भरी नाव डूबी, अब तक 7 की मौत

एजेंसी ▶▶| ताउकू

साइप्रस के उत्तर में एक भीषण हादसे की खबर है। यहां 267 लोगों को ले जा रही एक यात्री नाव पलट गई है। बताया जा रहा है कि गिरने बंदरगाह से निकलने के कुछ ही देर बाद 'फिलो जेट' कंपनी की ये एक्सप्रेस नाव पलट गई। इस हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लापता हैं। नाव का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पलटी नाव पर लोग बचाने के इंतजार में बैठे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये बड़ी यात्री नाव तुर्की के मर्सिन प्रांत के ताउकू के लिए रवाना हुई थी। साइप्रस के तट से रवाना होने के कुछ ही देर बाद हादसा हो गया। इसके बाद कोस्ट गार्ड की नावें, पर्यटक नावें और निजी कंपनियों के जहाजों से यात्रियों का बचाव अभियान शुरू किया गया। इस अभियान में 237 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है।

मंत्री बोले- बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद

उत्तरी साइप्रस के यातायात मंत्री एरहान अरिकली ने बताया कि नाव पलट गई थी और बचाव दल पहले से ही घटनास्थल पर मौजूद हैं। वहीं, किरेनिया शहर के मेयर मुरात सेनकुल ने कहा कि जहाज पर सवार 258 यात्रियों में से 159 लोगों तक पहुंचा जा चुका है। हालांकि, 99 यात्रियों का अभी भी कोई पता नहीं चला है। मेयर ने यह भी कहा कि यात्रियों और क्रू समेत जहाज पर कुल 270 लोग सवार थे।

रायपुर
सोमवार 31 अगस्त 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 25, अंक : 41
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 24.8
न्यून. 23.3

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



रेलवे ढूंढ रहा कमाई का जरिया, खाली लौट रहीं मालगाड़ियों को भरने व्यापारियों को देगा 15 से 20 फीसदी तक की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

- रेलवे की नई पहल से परिवहन लागत घटेगी
- उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने का मिलेगा मौका

भारतीय रेलवे ने माल ढुलाई को सस्ता और आसान बनाने के लिए नई पहल की है। इसके तहत जिन दिशाओं में मालगाड़ियां सामान उतारने के बाद आमतौर पर खाली लौटती हैं, अब उन्हीं ट्रेनों में माल की ढुलाई की जाएगी। इसके लिए कारोबारियों और उद्योगों को सामान्य मालभाड़े में 15 से 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। रेलवे का मानना है कि ⏭शेष पेज 7 पर



1 अगस्त से लागू हुए नए नियम

परंपरागत खाली प्रवाह दिशा योजना के तहत माल ढुलाई के लिए संशोधित छूट प्रावधान 1 अगस्त 2026 से 31 जुलाई 2027 तक लागू रहेंगे। अधिसूचित खाली प्रवाह वाली दिशाओं में पात्र माल लदान पर सामान्य मालभाड़े में 15 से 20 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। हालांकि छूट का लाभ रेलवे की निर्धारित पात्रता और अन्य शर्तों के आधार पर मिलेगा।

ग्राहक को अलग से आवेदन नहीं करना होगा

योजना की खास बात यह है कि पात्र माल खेप पर छूट का लाभ रेलवे की व्यवस्था के तहत स्वतः लागू होगा। इसके लिए ग्राहक को हर बार अलग से आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि माल, रूट और अन्य पात्रता रेलवे द्वारा तय नियमों के अनुसार ही होगी। रेलवे के कई रूट पर ट्रेनें एक दिशा में माल लेकर जाती हैं। वहां सामान उतारने के बाद ट्रेन दूसरी दिशा में खाली लौटती है। अब रेलवे इसी खाली क्षमता का उपयोग करने की तैयारी कर रहा है, यानी जिस दिशा में ट्रेन सामान्य तौर पर खाली लौटती है, उस दिशा में पात्र माल भेजने वाले ग्राहकों को कम भाड़े का लाभ मिलेगा।

व्यापारियों को नए बाजारों तक पहुंचने में मिलेगी मदद

कम मालभाड़े से उद्योगों और व्यापारियों की परिवहन लागत घट सकती है। इससे उत्पादों को दूरदराज के क्षेत्रों और नए बाजारों तक पहुंचाना आसान होगा। जिन कारोबारों में माल ढुलाई की लागत अधिक होती है, उन्हें इस योजना से विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भी वर्तमान और संभावित माल ग्राहकों को योजना की जानकारी दे रहा है। साथ ही उन रूट की पहचान की जा रही है, जहां से खाली लौटने वाली मालगाड़ियों में अतिरिक्त माल ढुलाई की संभावना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

राहुल के खिलाफ पुलिस में शिकायत

हल्द्वानी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित रामलीला मैदान में कथित 'शुद्धिकरण' के मामले को जातिगत रूप देने का आरोप लगाते हुए वाल्मीकि समुदाय के एक व्यक्ति ने शिकायत देकर पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। अमित कुमार ने हल्द्वानी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

अस्पताल से लौटते नवजात समेत तीन की मौत

बीकानेर। राजस्थान के बीकानेर जिले में एक कार दुर्घटना में दो दिन की नवजात बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा शनिवार शाम भड़ला गांव के पास हुआ, जब परिवार अस्पताल से मां और उसकी नवजात बच्ची को छुट्टी मिलने के बाद घर लौट रहा था।

मेमू ट्रेन पर पथराव के आरोप में चार गिरफ्तार

भदोही। वाराणसी से प्रयागराज जा रही एक मेमू ट्रेन पर पथराव के आरोप में रेलवे पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कि। दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। 28 अगस्त को अहिमनपुर रेलवे पड़ाव पर कुछ लोगों ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से विवाद के बाद रेल लाइन की गिट्टियों से पथराव किया और भाग गए थे।

सीमेंट से भरा ट्रक नदी में गिरा, दो की मौत

दमोह। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में सीमेंट से लदे एक ट्रक के नदी में गिर जाने से चालक और एक अन्य सहयोगी की मौत हो गई। चिल्हघाट नदी से ट्रक को क्रेन के जरिए निकाले जाने के बाद रविवार तड़के दोनों शव बरामद किए गए। शुक्रवार देर रात करीब एक बजे कटनी से दमोह की ओर सीमेंट लेकर जा रहा ट्रक दमोह-कटनी मार्ग पर नदी पुल पार करते समय अनियंत्रित हो गया और रेलिंग से टकराकर करीब 40 फुट नीचे नदी में गिर गया।

नेपाल आपदा : अब तक 788 की गई जान, 149 भारतीय सुरक्षित

मलबे में दबी जिंदगियां, अपनों का इंतजार और नेपाल में नया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ काठमांडू/नई दिल्ली

नेपाल में जल प्रलय आए हुए अब 5 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब भी दुख, दर्द और वेदना की तस्वीरें सामने आना खत्म नहीं हुआ है। बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 788 हो गई, जबकि 2,500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। जिन घरों के लोग लापता हैं, वे अपनों से मिलने को बेकरार हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। इसकी वजह है, वो खतरा है, जो हजारों फीट ऊपर ल्हेंदे नदी पर घूम रहा है, वहीं भोटेकोशी नदी का जलस्तर फिर बढ़ने की खबर है।

नेपाल में भारी बारिश के बीच बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। भोटेकोशी नदी में पानी का स्तर बढ़ने और तेज बहाव की आवाज सुनाई देने के बाद रसुवा में अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने नुवाकोट तक लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। धादिंग में भी संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को नदी और उसके आसपास के इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी गई है। प्रशासन और संबंधित एजेंसियां स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में बाढ़ का खतरा अभी बना हुआ है। ल्हेंदे नदी पर बनी एक नई झील किसी भी वक्त टूट सकती है, जिससे निचले इलाकों में अचानक फ्लैश फ्लड आने का खतरा बढ़ गया है। झील के पानी का रंग लगातार गहरा होने को भी संभावित खतरे का संकेत माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि ग्लेशियर टूटने के बाद आए भारी मलबे ने नदी का रास्ता रोक दिया, जिससे पानी जमा होकर झील का रूप ले चुका है। नदी का ⏭शेष पेज 7 पर



मलबे से ढका त्रिशूली नदी के किनारा

नेपाल के नुवाकोट जिले और उसके आस-पास त्रिशूली नदी की घाटी में हाल ही में आई अचानक बाढ़ से भारी तबाही हुई है। त्रिशूली नदी के किनारे-किनारे का पूरा इलाका मोटी कीचड़, पत्थरों और मलबे की मोटी परत से ढका हुआ है।

नेपाल में अब तक बचाए गए भारतीय

विदेश मंत्रालय ने नेपाल में बचाए गए भारतीय नागरिकों की सूची जारी करते हुए बताया कि 30 अगस्त 2026 शाम 5:30 बजे तक, भारत के 149 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है।

अपनों की तलाश में परिजन

नेपाल में भयानक अचानक आई बाढ़ के पांच दिन बाद भी, लापता लोगों की तलाश समय के साथ एक मुश्किल दौड़ बन गई है; परिवार वाले काठमांडू के अस्पतालों में अपने प्रियजनों की कोई खबर या सुराग पाने की उम्मीद में जा रहे हैं। रविवार को लापता लोगों के रिश्तेदार उनकी तलाश करते रहे, इस उम्मीद में कि शायद कोई जीवित मिल जाए या उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी मिल सके। लापता परिवार के सदस्य की तलाश कर रहे केशव कहते हैं, 'मैं यहां अपने भाई के बेटे को ढूंढने आया हूं। उसे ढूंढते हुए मुझे पांच दिन हो गए हैं।

नुवाकोट में परिवारों तक पहुंच रही राहत

नेपाल में अचानक आई बाढ़ से घर, खेत और लोगों की रोजी-रोटी बह जाने के बाद, अब नुवाकोट जिले के परिवारों तक राहत पहुंच रही है। इससे उन लोगों को कुछ मदद मिल रही है जिन्होंने लगभग सब कुछ खो दिया है।

सुरंगों में फंसे 900 मजदूर

नेपाल में राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। सबसे बड़ी चुनौती ऊपरी त्रिशूली-3ए जलविद्युत परियोजना की सुरंग में फंसे कर्मचारियों और इंजीनियरों को बाहर निकालने की है। बचाव दल सुरंग तक पहुंचने के लिए ड्रिलिंग, खुदाई और नियंत्रित विस्फोट कर रहे हैं। नेपाली सेना के मुताबिक, रविवार को बचाव दल सुरंग के मुख्य हिस्से तक पहुंचने में कामयाब रहा।

वायरल हुआ वीडियो

कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ मारपीट, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शहर के दर्रीपारा में शनिवार की रात कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ की गई मारपीट के मामले में पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है। घटना में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार दर्रीपारा निवासी गुरप्रित सिंह सिद्धू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की रात 8.30 बजे साहिल साहू, राजा साहू व अन्य तीन लोग प्रार्थी को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर जान से मारने की नियत से ⏭शेष पेज 7 पर

इन पर हुई कार्रवाई

इस मामले में जांच उपरांत पुलिस ने दर्रीपारा निवासी 22 वर्षीय साहिल साहू आ. सुनील साहू, 19 वर्षीय आयुष बरला आ. ललित बरला, 47 वर्षीय सुनील साहू आ. स्व. सेवक राम व 55 वर्षीय अनिल कुमार चटर्जी उर्फ संजू आ. स्व. मनमोहन चटर्जी को गिरफ्तार किया गया है।

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने दिया फैसला

नीट यूजी में जनरल कैटेगरी चुनने पर ईडब्लूएस का नहीं मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने नीट यूजी 2026 की राज्य स्तरीय काउंसिलिंग में सामान्य वर्ग से ईडब्लूएस श्रेणी में बदलाव की मांग करने वाली 17 वर्षीय छात्रा की याचिका खारिज कर दी। डिवीजन बेंच ने कहा कि नीट यूजी परीक्षा के समय उम्मीदवार ने जिस श्रेणी का चयन किया है, काउंसिलिंग के दौरान उसे बदलकर ईडब्लूएस का लाभ लेने का अधिकार नहीं है।

छात्रा ने नीट यूजी 2026 में 720 में से 444 ⏭शेष पेज 5 पर

छात्रा की तर्क अस्वीकार

कोर्ट ने छात्रा की ओर से उठाए गए भेदभाव, वैध अपेक्षा तथा संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के उल्लंघन के तर्क भी अस्वीकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सामान्य वर्ग के रूप में नीट यूजी में श्रेणी घोषित करने के बाद छात्रा राज्य काउंसिलिंग में उसे ईडब्लूएस में बदलने का दावा नहीं कर सकती। इस टिप्पणी के साथ डिवीजन बेंच ने छात्रा की याचिका खारिज कर दी।

जयपुर में 2,445 नहीं दे पाए परीक्षा

2.63 लाख ने दी नीट पीजी दो केंद्रों में फिर होगी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चिकित्सा के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रविवार को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी)-2026 में 2.63 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, लेकिन ⏭शेष पेज 7 पर

कड़ी सुरक्षा के बीच हुई परीक्षा

देशव्यापी परीक्षा के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए गए थे। निगरानी के लिए कुल 2,527 चिकित्सा शिक्षकों को स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता के तौर पर नियुक्त किया गया था। इसके अलावा, डीन, निदेशक , चिकित्सा अधीक्षक और वरिष्ठ प्रोफेसर समेत शिक्षकों को उड़न दस्ते में तैनात किया गया था।

सीएम साय बोले

बिजली के निजीकरण को लेकर कांग्रेस फैला रही भ्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिजली के निजीकरण को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया, राज्य सरकार की बिजली के निजीकरण की कोई मंशा नहीं है और इस संबंध में जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, जिस सुनवाई को बिजली के निजीकरण से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है, वह एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। ऐसी रूटीन प्रक्रिया का अर्थ यह कतई नहीं है कि सरकार बिजली का निजीकरण करने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, कांग्रेस हमेशा की तरह इस ⏭शेष पेज 7 पर

ओली दराजाली दोस्तलिक

पीएम मोदी को उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



एजेंसी ⏭ ताशकंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रविवार को उज्बेकिस्तान के प्रतिष्ठित सम्मान 'ओली दराजाली दोस्तलिक' से नवाजा गया। उन्होंने यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच स्थायी संबंधों को समर्पित किया।

1.4 अरब भारतीयों का सम्मान

मोदी ने कहा कि यह सम्मान 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। सभी भारतीयों की ओर से, मैं उज्बेकिस्तान की जनता, सरकार और अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस सर्वोच्च सम्मान को बहुत विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं।

वर्तमान समय में होनेवाली

हरारत
बदन दर्द
आंखें लाल होना
में अपनाएँ
असली चिरायतायुक्त
बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
महासुदर्शन काढ़ा
☑ हाथपाँव का अकड़ना
☑ मुँह का स्वाद कड़वा होना
☑ भूख न लगना
☑ सिरदर्द व बदन दर्द
☑ आँखे लाल होना
आदि में उपयुक्त।


मुफ्त वैद्यकीय सलाह के लिए संपर्क करें : 844 844 4935 www.baidyanath.co

PRADIKSHA HERBAL दर्द अनेक, उपचार एक!
प्रदिक्षा आर्थो ऑयल


घुटने का दर्द, साइटिका, गाठिया, हड्डियों का दर्द, मांसपेशियों में सूजन, जकड़न, आमवात, संधिवात और मोच में भी लाभदायक एक बार अवश्य आजमायें।
Custmer Care - 9112637000, 9823286830

आईएएस दिव्या ने दिया इस्तीफा, लिखा भावुक पोस्ट

सब कुछ हासिल करने के बाद भी कुछ अधूरापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरिया

अलग खबर

उत्तर प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी और देवरिया की पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने 13 साल की सेवा के बाद इस्तीफा दे दिया है। 2013 बैच की आईएएस अधिकारी मित्तल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, आज मैंने 13 वर्षों की अविस्मरणीय यात्रा को अपनी ⏭शेष पेज 7 पर



कई जिलों में रहीं कलेक्टर

उत्तर प्रदेश सरकार में विशेष सचिव के तौर पर तैनात होने से पहले, मित्तल ने संत कबीर नगर, मिर्जापुर और देवरिया में जिलाधिकारी के तौर पर काम किया। मिर्जापुर की जिलाधिकारी के तौर पर वह तब चर्चा में आईं जब आजादी के 75 साल बाद हलिया ब्लॉक के सुदूर पहाड़ी गांव, लहुरियादाह में पहली बार नल से पानी पहुंचाया गया।

आईआईटी दिल्ली से बीटेक

मूल रूप से हरियाणा के रेवाड़ी की रहने वाली मित्तल के पास आईआईटी दिल्ली से बीटेक की डिग्री और आईआईएम बेंगलुरु से एमबीए की डिग्री है। उन्होंने लंदन में काम करने के बाद यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए नौकरी छोड़ दी थी। उन्होंने 2013 में अपने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा पास की, 68 वीं रैंक हासिल की और आईएएस में चयनित हुईं। 2012 में अपने पहले प्रयास में, वह आईपीएस के लिए चुनी गई थीं।

मर्यादा को ताक पर रखकर मंदिरों में नृत्य को लेकर विवाद

आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल का मंदिरों के धार्मिक आयोजनों में उनका नृत्य करना पर भी चर्चा में रहा। प्रशासनिक मर्यादा और एक जिले के सर्वोच्च पद पर बैठे अधिकारी के आचरण को लेकर सोशल मीडिया से लेकर प्रशासनिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। कई वर्गों ने इसे प्रशासनिक पद की गरिमा के प्रतिकूल माना। दिव्या मित्तल जुलाई 2024 से पांच मई 2026 तक जिले में डीएम के रूप में तैनात रहीं।

धार्मिक आयोजनों और मंदिरों में अधिक ध्यान देने का आरोप

प्रशासनिक गलियारों और आम जनता के बीच यह चर्चा भी जोरों पर रही कि डीएम दिव्या मित्तल का ध्यान जिले की मुख्य प्रशासनिक और विकास योजनाओं से अधिक धार्मिक गतिविधियों और मंदिरों के आयोजनों पर केंद्रित रहा। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में उनकी अति-सक्रियता को लेकर विरोधियों और आलोचकों ने सवाल उठाए कि प्रशासनिक प्राथमिकताओं को दरकिनार कर धार्मिक गतिविधियों को तरजीह दी गई।

सीएम साय बोले-नारी के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन से ही बनेगा समृद्ध छत्तीसगढ़

जब नारी शक्ति आगे बढ़ती है तो उसके साथ परिवार, समाज और पूरा देश आगे बढ़ता है। महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा, समान अवसर और आर्थिक स्वावलंबन प्रदान करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ की हर बेटी को अपने सपने पूरे करने का अवसर मिले और हर महिला आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़े।

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय परिसर के अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति सम्मान समारोह' को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर चिकित्सा, शिक्षा, खेल, साइबर सुरक्षा, पत्रकारिता, कला एवं संस्कृति, कृषि, महिला उद्यमिता, सामाजिक सेवा और महिला सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने नारी शक्ति सम्मान समारोह पर आधारित ब्रोशर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन महिलाओं ने अपने परिश्रम, प्रतिभा, साहस और संकल्प से अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं हैं, बल्कि उन हजारों बेटियों के लिए प्रेरणा हैं, जो अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाओं का सम्मान वास्तव में उस नारी शक्ति का सम्मान है, जो परिवार को संस्कार देती है, समाज को दिशा देती है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

नारी शक्ति सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति को मिले नए अवसर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति को नई पहचान, सम्मान और आगे बढ़ने के अभूतपूर्व अवसर मिले हैं। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान ने बेटियों के प्रति सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह वर्ष छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति के योगदान को सम्मान देने के साथ उनके लिए नए अवसरों के सृजन का भी वर्ष है। उन्होंने कहा कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आसीन होना पूरे देश की नारी शक्ति के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है।



महिला आयोग न्याय के साथ जागरूकता का भी बने सशक्त माध्यम

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. ममता साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील जिम्मेदारी मिली है। उनका सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन का अनुभव, कानून की समझ और उच्च शिक्षा इस दायित्व के निर्वहन में उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. ममता साहू के नेतृत्व में राज्य महिला आयोग प्रदेश की माताओं-बहनों को न्याय दिलाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और पीड़ित महिलाओं तक कानूनी सहायता पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि महिला आयोग की भूमिका केवल शिकायतों के निराकरण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। आयोग गांवों, कस्बों, जनजातीय और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचे तथा महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करे।

खबर संक्षेप



नक्सली डंप से विस्फोटक वायर, सामाग्री की बरामद

कोन्टा। आत्मसमर्पित नक्सलियों से प्राप्त महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस के आधार पर सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम बेलपोच्चा से गोमपाड़ की ओर जाने वाले मार्ग के समीपवर्ती सघन जंगलों एवं पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा विस्फोटक एवं अन्य सामग्री छिपाकर रखी गई थी। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक एवं अन्य नक्सली उपयोगी सामग्री के डंप मिले हैं। पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स रोहित शाह के मार्गदर्शन में थाना कोंटा क्षेत्रांतर्गत जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया। जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम द्वारा एरिया डोमिनेशन एवं सर्चिंग अभियान किया गया। सर्चिंग के दौरान 2 टिफिन बम, वायर रहित अवस्था में बड़ी मात्रा में विस्फोटक,नक्सली उपयोगी सामग्री बरामद की गई ।

वाट्सएप में लगाया सरपंच सचिव और ग्रामीणों का आपत्तिजनक स्टेटस

धमतरी। सरपंच, सचिव के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अपील की है कि सोशल मीडिया का दुरूपयोग न करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। मामला थाना बोराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसपुर का है। 20 अगस्त को गांव के ही उमेश्वर उर्फ उमेश कुमार चक्रधारी पिता संतूधारी उम्र 30 साल ने अपने वाट्सएप स्टेटस में सरपंच, सचिव के साथ ग्रामीणों के संबंध में अभद्र टिप्पणी वाला पोस्ट लगाया था। इससे गांव का माहौल खराब होने का खतरा बना हुआ था।

तय उम्र सीमा से अधिक हुए तो नहीं रह सकते पद पर

बिलासपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु की सिंगलबेंच ने कोरिया-बैकुंठपुर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रधान की पद पर बने रहने की मांग खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष या सदस्य की नियुक्ति अवधि और अधिकतम आयु सीमा कानून में निर्धारित है। कोर्ट ने कहा कि महज आयोग के कामकाज में निरंतरता बनाए रखने के नाम पर 65 वर्ष की निर्धारित अधिकतम आयु के बाद किसी व्यक्ति को पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती। याचिकाकर्ता राजेन्द्र प्रधान को 10 फरवरी 2022 को कोरिया-बैकुंठपुर जिला उपभोक्ता आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। नियुक्ति के चार वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो तक के लिए थी। उन्होंने 10 मार्च 2026 को 65 वर्ष की आयु पूरी कर ली। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि नए अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू या पूरी नहीं हुई है। इससे आयोग के कामकाज में प्रशासनिक शून्यता की स्थिति बन सकती है।

राज्य के प्रमुख और मध्यम बांधों में कुल 87.81 प्रतिशत जलभराव

दर्जनभर बांध लबालब, माड़म सिल्ली के गेट खुले, गंगरेल में भी ऐसी ही नौबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार अच्छी बारिश के बाद बांधों में पानी की स्थिति मजबूत बनी हुई है। प्रदेश के प्रमुख और मध्यम बांधों में कुल 87.81 प्रतिशत जलभराव है। कुल 46 महत्वपूर्ण बांधों की निर्धारित क्षमता 6360.23 मिलियन घनमीटर के मुकाबले वर्तमान में 5584.98 मिलियन घनमीटर पानी उपलब्ध है। प्रमुख 12 बांधों में 88.86 प्रतिशत और 34 मध्यम बांधों में 82.23 प्रतिशत जलभराव है। पिछले वर्ष इसी अवधि में कुल जलभराव 84.95 प्रतिशत था, जबकि 2024 में यह 85.72 प्रतिशत दर्ज किया गया था। लगभग एक दर्जन बांध लबालब हो गए हैं। जिन बांधों में पानी की आवक बढ़ी है, वहां से पानी छोड़ा जा रहा है।

भारी बारिश की वजह से यहां के गंगरेल और माड़मसिल्ली जैसे बांध पूरी तरह भर गए हैं। बारिश और कैचमेंट एरिया से पानी की बढ़ती आवक से जिले के कई बांधों में पानी बढ़ गया है। दुधावा और सोंढूर बांधों का भी वाटर लेवल बढ़ रहा है। गंगरेल बांध में 91 फीसदी से अधिक जलभराव हो चुका है। करीब 32 टीएमसी क्षमता वाले बांध में लगातार 3548 क्यूसेक पानी की आवक बनी हुई है। जलस्तर में इसी तरह बढ़ोतरी जारी रही तो गंगरेल बांध के गेट खोलने की स्थिति बन सकती है, इसे देखते हुए प्रशासन और सिंचाई विभाग हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

खास खबर

दुधावा और सोंढूर डेम भी लबालब

अन्य बांधों में भी लगातार बारिश के चलते पानी की स्थिति मजबूत हुई है। करीब 10.192 टीएमसी क्षमता वाले दुधावा डेम में 82.73 फीसदी जलभराव दर्ज किया गया है। वहीं 6.995 टीएमसी क्षमता वाले सोंढूर डेम में 68.90 फीसदी पानी भर चुका है। लगातार हो रही बारिश के कारण कैचमेंट एरिया से बांधों में पानी की आवक बढ़ रही है।



इन बड़े बांधों में सबसे ज्यादा पानी

प्रमुख जलाशयों में मिनिमाता बांगो में 90.78 प्रतिशत, रविशंकर सागर में 90.72 प्रतिशत, मुरुमसिल्ली में 98.82 प्रतिशत, खारंग में 100 प्रतिशत, कोडार में 100 प्रतिशत और मनियारी में 100 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है। तांदुला में 78.73 प्रतिशत, दूधावा में 82.37 प्रतिशत, सिकासार में 81.43 प्रतिशत, सोंढूर में 68.77 प्रतिशत और केलो में 37.03 प्रतिशत पानी है।

माड़मसिल्ली बांध में एयर प्रेशर से गेट ऑटोमैटिक खुले

माड़मसिल्ली बांध लगभग पूरी क्षमता तक भर चुका है। करीब 5.849 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध में 98.82 फीसदी जलभराव दर्ज किया गया है। बांध के 100 फीसदी भरने की स्थिति में यहां लगे ऑटोमेटिक साइफन सिस्टम ने सक्रिय होकर पानी की निकासी शुरू कर दी है। माड़मसिल्ली बांध में 98 फीसदी जलभराव के बाद एयर प्रेशर से गेट ऑटोमैटिक खुल गए हैं। सायफन सिस्टम में जलभराव होने पर दबाव से गेट अपने आप खुलते हैं। गेट खुलने से अत्यधिक मात्रा में पानी का बहाव हो रहा है। माड़मसिल्ली बांध में कुल 34 गेट हैं और यहां का बेबी साइफन सिस्टम शुरू हो चुका है, इस वजह से बांध के जलस्तर और पानी की निकासी पर विशेष नजर रखी जा रही है।



इन बांधों से पानी छोड़ा जा रहा

जलस्तर बढ़ने के बाद कई प्रमुख बांधों में लेवल मेंटेन करने अलग-अलग माध्यम से पानी छोड़ा जा रहा है। मध्यम जलाशयों में कोसारटेड, मोगरा बैराज, कड़ा नाला, सुखा नाला बैराज, घोंघा, पेंड्रावन, रूसे, घुमरिया नाला बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं मिनीमाता बांगो- नहर से 23.40 घनमीटर, स्पिलवे से 1258.40 घनमीटर और अन्य निकासी 254.88 घनमीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है। रविशंकर सागर- नहर से 43 घनमीटर, पेनस्टॉक से 940 घनमीटर प्रति सेकंड।

तांदुला- नहर से 34 घनमीटर, अन्य निकासी 877 घनमीटर प्रति सेकंड।
दुधावा- नहर से 14 घनमीटर, आउटफॉल से 528 घनमीटर प्रति सेकंड।
सिकासार- नहर से 12.80 घनमीटर, अन्य निकासी 722 घनमीटर प्रति सेकंड।
सोंढूर- नहर से 4 घनमीटर, अन्य निकासी 972 घनमीटर प्रति सेकंड।
मुरुमसिल्ली- नहर से 37 घनमीटर, साइफन से 722 घनमीटर प्रति सेकंड।
कोडार- नहर से 8 घनमीटर, अन्य निकासी 1174 घनमीटर प्रति सेकंड।
मनियारी- नहर से 2 घनमीटर, अन्य निकासी 528 घनमीटर प्रति सेकंड।
केलो- नहर से 4 घनमीटर, अन्य निकासी 1156 घनमीटर प्रति सेकंड।

वर्तमान में रिजर्व में 17 से अधिक वन भैंसे

राजकीय पशु वन भैंसों के संरक्षण में जुटा इंद्रावती टायगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर की पहचान माने जाने वाले दुर्लभ राजकीय पशु वन भैंसों के संरक्षण को लेकर इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि वर्तमान में रिजर्व लगभग 17 से अधिक वन भैंसा हैं। वन भैंसा छत्तीसगढ़ के प्रमुख वन्यजीवों में शामिल है और इसके संरक्षण के लिए प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के साथ-साथ वन क्षेत्र में मानवीय दखल को कम करने पर जोर दिया जा रहा है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व का विशाल वन क्षेत्र वन भैंसों के लिए अनुकूल प्राकृतिक आवास माना जाता है। वन विभाग द्वारा रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियमित गश्त और निगरानी की जा रही है। वन भैंसों के विचरण वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए अवैध शिकार, वन्यजीवों के अवैध परिवहन और जंगल में होने वाली अन्य गतिविधियों पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही वन क्षेत्र में जलस्रोतों और उनके आसपास के प्राकृतिक वातावरण को बेहतर बनाए रखने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। वन भैंसों के संरक्षण के लिए उनके प्राकृतिक आवास का सुरक्षित रहना बेहद जरूरी है। गर्मी के मौसम में वन्यजीवों के लिए पानी और भोजन की उपलब्धता बनाए रखना विभाग के सामने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।

ग्रामीणों को भी संरक्षण से जोड़ने की कवायद

वन्यजीव संरक्षण की सफलता के लिए स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। रिजर्व क्षेत्र से लगे गांवों में लोगों को वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों से वन्यजीवों को नुकसान नहीं पहुंचाने तथा जंगल में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी वन विभाग को देने की अपील की जा रही है। वन विभाग का उद्देश्य वन भैंसों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ बस्तर की इस महत्वपूर्ण वन्यजीव विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना है।

हाथी ने फिर ली ग्रामीण की जान

प्रतापपुर। विकासखंड क्षेत्र में हाथी-मानव संघर्ष एक बार फिर भयावह रूप लेता नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत जजावल में हाथी के हमले से एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत जजावल निवासी करमचंद (38 वर्ष) किसी काम से जंगल की ओर गया था। इसी दौरान उसका सामना हाथी से हो गया और हाथी ने हमला कर उसे बुरी तरह कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी उस समय लगी जब कुछ ग्रामीण जंगल की ओर से गुजर रहे थे तब जंगल में शव को देख आसपास के लोगों तथा वन विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के कुछ समय बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। बताया जा रहा है कि कुछ ही दिन पूर्व हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हुई थी और अब एक सप्ताह के भीतर हाथी के हमले से दूसरी मौत होने से प्रतापपुर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। जंगल से लगे गांवों में ग्रामीणों के बीच भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की लगातार मौजूदगी के बावजूद उनकी गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी नहीं हो पा रही है।

■ एक सप्ताह में दूसरी मौत से मचा हड़कंप

ईएसआईसी अस्पताल के चिकित्सक ने लगाई फांसी

कोरबा। प्रेम में असफल एक चिकित्सक ने अपने स्टाफ क्वार्टर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। आत्महत्या की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिजन उसके शव को केरल रवाना हो चुके हैं।



■ तमिलनाडु की युवती से प्रेम प्रसंग, शादी को लेकर चल रहा था विवाद

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ईएसआईसी अस्पताल डिंगापुर के स्टाफ क्वार्टर में 36 वर्षीय चिकित्सक डॉ. एल्बिन ए पिता अल्बर्ट अलेक्जेंडर मूलतः केरल का रहने वाले निवासरत थे। वे 25 अगस्त 2025 से ईएसआईसी अस्पताल डिंगापुर में चिकित्सक के पद पर पदस्थ थे। बताया जाता है कि उसने अपने स्टाफ क्वार्टर में शनिवार की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि एल्बिन ए तमिलनाडु की युवती से प्रेम संबंध था, लेकिन दोनों अलग अलग जाति के थे। जिसकी वजह से दोनों का विवाह नहीं हो पा रहा था, इसे लेकर एल्बिन ए पिछले दो तीन दिनों से काफी परेशान थे।

पखांजूर की चर्चित हथियारबंद डकैती के आठ दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े कापसी में वर्ष 2022 में हुई चर्चित हथियारबंद डकैती के मामले में विशेष न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। विशेष न्यायालय (अत्याचार अधिनियम) ने मामले में दोषसिद्ध सभी 8 आरोपियों को आजीवन कारावास सहित विभिन्न धाराओं में कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने यह निर्णय विशेष आपराधिक प्रकरण क्रमांक 57/2022 में 25 अगस्त को सुनाया।

विदित हो कि यह मामला 2 सितंबर 2022 की रात का है। ग्राम बड़े कापसी स्थित शासकीय आवास क्रमांक एफडीएच 87 में रात करीब 2 से 2:30 बजे हथियारबंद और नकाबपोश आरोपियों ने डिप्टी रेंजर भारत राम सलाम के घर में जबरन प्रवेश किया था। आरोपियों ने फरियादी और उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर घर में रखी करीब 11 लाख रुपये की नकद राशि, सोने की 4 चूड़ियां और 4 मोबाइल फोन लूट लिए थे।



72 घंटे में पुलिस ने दबोचे थे सभी आरोपी

डकैती की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी रवि कुजूर और थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र का प्रभावी इस्तेमाल किया। लगातार की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस ने घटना के महज तीन दिनों के भीतर 9 सितंबर 2022 को सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले में लूटे गए सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी भी की गई थी।

उम्रकैद की सजा पाने वाले आरोपी

उम्रकैद की सजा पाने वाले आरोपियों में कालू उर्फ अनादि हलदर, प्रभास महलदार, पिता प्रणव महलदार,नारायण दास पिता स्व. चितरंजन दास, उम्र 51 वर्ष, निवासी पीवी 57 कालीनगर, थाना पखांजूर, समीर बैरागी पिता शैलेन्द्र बैरागी, उम्र 32 वर्ष, निवासी पीवी 42 विद्यानगर, थाना पखांजूर के है। इनके अलावा दुर्ग जिले से सुचेन कुमार निषाद, मनोज ढीमर पिता छोटेलाल ढीमर, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 02, पुराना हटरी, लाटी बाबा चौक, कुम्हारी, वर्तमान निवासी कार्यालय बघेरा के पीछे दुर्ग, शेखर उर्फ चन्द्रशेखर नेताम पिता स्व. शिवकुमार नेताम, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 03 मठपारा, दक्षिण इमली के पास चौक, सरस्वती नगर और राकेश पासेट, पिता स्व. अर्जुनलाल पासेट, उम्र 29 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 03 मठपारा, दक्षिण इमली के पास चौक, सरस्वती नगर के है।

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन ने दिखाई गंभीरता

तिरपाल तले संचालित स्कूल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

करोड़ों रुपये की रॉयल्टी देने वाले खनिज प्रभावित ग्राम चाहचाड़ में बच्चों के तिरपाल के नीचे पढ़ने की हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने तत्काल सक्रियता दिखाई। स्कूल भवन की बदहाल स्थिति और ग्रामीणों की मांग को प्रमुखता से सामने लाने के बाद रविवार को भानुप्रतापपुर एसडीएम जीडी वाहिले सहित राजस्व विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे और स्कूल भवन का मौके पर निरीक्षण किया। अधिकारियों के पहुंचने से ग्रामीणों में स्कूल भवन निर्माण को लेकर उम्मीद जगी है। भानुप्रतापपुर एसडीएम जीडी वाहिले, दुर्गूकोंदल तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा एवं नायब तहसीलदार सुमीत देवांगन ने ग्रामीणों की मौजूदगी में स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को स्कूल की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और बच्चों को हो रही परेशानियों की जानकारी दी। ग्रामीणों ने कहा कि चाहचाड़ खनिज प्रभावित गांव है और यहां से शासन को बड़ी मात्रा में रॉयल्टी प्राप्त होती है। इसके बावजूद गांव के बच्चों को आज भी बेहतर एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने खनिज संस्थान न्यास निधि से पर्याप्त राशि स्वीकृत कर पक्का एवं सुविधायुक्त स्कूल भवन बनाने की मांग रखी।

■ सरपंच एवं ग्रामीणों ने पक्के भवन बनाते हुए मॉडल स्कूल बनाने की मांग

खबर का असर



ग्रामीणों ने नए पांच कमरों के भवन की मांग को लेकर खोला मोर्चा

तिरपाल के सहारे चल रही है पाठशाला, तस्वीर बदलने की प्रतीक्षा में नौनिहाल

माइंस से करोड़ों की कमाई, बच्चों के लिए सुरक्षित स्कूल तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/दुर्गूकोंदल

चाहचाड़ गांव की धरती से लौह अयस्क खनन के जरिए शासन को करोड़ों रुपये का राजस्व मिल रहा है, उसी गांव के नौनिहाल आज भी जर्जर स्कूल भवन के [illegible] पढ़ने को मजबूर हैं। छत से [illegible] खराब हालत और कई [illegible] में तिरपाल का सहारा लेकर चल रही पढ़ाई से [illegible] बढ़ा दी है। [illegible] ग्रामीणों [illegible] मांग को लेकर [illegible] खोल दिया है। जानकारी [illegible] अनुसार ग्राम चाहचाड़ [illegible] प्राथमिक शाला भवन [illegible] को सार्वजनिक बैठक आयोजित की। बैठक में वर्तमान भवन की स्थिति पर चर्चा करते हुए नए पांच कमरों वाले पर्याप्त स्कूल भवन के [illegible]

चाहचाड़ की जर्जर प्राथमिक शाला को लेकर ग्रामीणों मे आक्रोश

शैक्षणिक संसाधनों की कमी का मुद्दा उठाया

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल सलाम एवं रमेश दुरुवा ने कहा कि शिक्षा सांझा और समाज की तरक्की का आधार है। बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलना उनकी प्राथमिक जरूरत है। उन्होंने विद्यालय में भवन के साथ-साथ आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों की कमी का भी मुद्दा उठाया। ग्रामीण लगेश दुरुवा, हीरू रुपैं, कल्याण दुरुवा, छविलाल दुरुवा, जंतु सलाम, लखचू सलाम और बाजू कोमरा ने सुरक्षित स्कूल की मांग किया है।

नए भवन का प्रस्ताव भेजा गया

एसडीएम जीडी वाहिले ने ग्रामीणों को बताया कि नए स्कूल भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, वहीं वीबीजीरामजी योजना के तहत अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति भी हो चुकी है। उन्होंने ग्रामीणों से पहले स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराने देने की बात कही। साथ ही नए भवन की स्वीकृति मिलने के बाद उसका निर्माण भी कराए जाने का आश्वासन दिया।

सरपंच ने रखी माँग

सरपंच रमशीला कोमरा ने बताया कि जिला पंचायत सीईओ एवं कलेक्टर को पांच बार प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्कूल भवन की शीघ्र स्वीकृति, अतिरिक्त कक्ष का जल्द निर्माण तथा स्कूल को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित कर डिजिटल शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

खबर संक्षेप

चेकिंग के दौरान कार में मिला गांजा, 3 आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग के दौरान बसना पुलिस एक कार से गांजा बरामद किया है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत अंतरराज्यीय चेक पोस्ट बैरियर में आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान बसना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक सफेद रंग की डिजायर कार (क्रमांक सीजी 08 बीएफ 7700) में कुछ व्यक्ति अवैध गांजा परिवहन करते हुए आ रहे हैं। चेक पोस्ट पर पुलिस टीम को अलर्ट किया गया।

चाकूबाजी, मारपीट व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त 8 गिरफ्तार

तिल्दा नेवरा। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तिल्दा-नेवरा पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग मामलों में कुल 8 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। इनमें सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले दो आरोपियों पर आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया, जबकि ग्राम बिलाड़ी में मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसके अलावा शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका वाले चार लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रायपुर श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चंचल तिवारी और एसडीओपी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

सड़क निर्माण न होने से फूटा गुस्सा, ग्रामीणों ने किया ढाई घंटे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 5 महीने से सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से नाराज शहर के समीप ग्राम भेड़ीकला के ग्रामीणों ने गठुला चौक पर आक्रोश व्यक्त करते हुए चक्का जाम कर दिया। इस चक्काजाम में महिला, पुरुष सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं नारेबाजी करते हुए तत्काल सड़क निर्माण प्रारंभ करने मांग की गई। शहर के समीप गठुला, भेड़ी और बघेरा होकर मनगट्टा जाने वाली की सड़क का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। संबंधित ठेकेदार के द्वारा अप्रैल माह में सड़क निर्माण के लिए सड़क पर बिछी डामर उखाड़ दिया गया, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। ठेकेदार की लापरवाही के चलते बारिश में पूरी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़ गए, जिससे लोगों को आवागमन में समस्या होने लगी। जर्जर सड़क से लोग गिरकर घायल होने लगे। जिससे कई लोगों के हाथ पैर, फैक्चर हुए, दो-तीन बार सवारियों से भरी ई-रिक्शा भी पलट गई।ग्रामीणों ने कई बार शासन-प्रशासन और ठेकेदार से सड़क निर्माण कार्य शुरू करने मांग की लेकिन 5 माह बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता गया। आज सुबह बारिश के बीच लगभग 200 की संख्या में भेड़ीकला के ग्रामीण गठुला चौक पर एकत्रित हुए और राजनांदगांव - खैरागढ़ मार्ग में चक्का जाम कर दिया।

कई बार दिया गया आवेदन

सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर रविवार के दिन अवकाश होने के बाद भी स्कूल ड्रेस में बच्चे लाल झंडा लेकर सड़क पर उतर आए। वहीं आंदोलनरत ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार के द्वारा लगभग 5-6 माह से सड़क की डामर उखाड़ दिया है, जिससे बारिश में बड़े - बड़े गड्ढे हो गए है जबकि यह सड़क राजनांदगांव से मनगट्टा का मुख्य मार्ग है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण शुरू करने के लिए चार बार आवेदन भी दिया जा चुका है।



चक्काजाम में फंसी रही यात्री बसें

सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.05 बजे तक लगभग ढाई घंटे चक्का जाम किया गया। जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। इस जाम में कई यात्री बसें और विद्युत विभाग का तकनीकी सुधार वाहन भी फंसा रहा। चक्का जाम होने से लोगों को काफी समस्या हुई। खासकर रक्षाबंधन पर्व से वापस अपने ससुराल लौटने वाली बहनों को चक्का जाम के चलते परेशानी उठानी पड़ी।

दुर्घटना : जिले के सांकरा थाना क्षेत्र में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

पुल के बीच हुई टक्कर, कार और बाइक गिरी नदी में, एक की मौत, एक लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सांकरा थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जोंक नदी के पुराने पुल पर कार और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन पुल से नीचे जा गिरे। हादसे के वक्त कार में चार लोग और मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार थे। दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक नदी के पानी में बह जाने के बाद लापता बताया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कार में राज कुमार निषाद, मुकेश बारिक, रोशन चौहान और सुनील जगत सवार थे। इनमें राज कुमार निषाद की हादसे में मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल पर भागीरथी साहू, विशाली साहू और विजय साहू सवार बताए जा रहे हैं। बाइक चालक भागीरथी साहू के पानी में बह जाने की जानकारी सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। हादसे में घायल / फंसे लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं लापता बाइक चालक भागीरथी साहू की तलाश के लिए रेस्क्यू टीम द्वारा नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग दुधियापाली, बसना के निवासी हैं, जबकि बाइक सवार बार क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल लापता युवक की तलाश जारी है।





अनियंत्रित कार तालाब में जा घुसी, बाल-बाल बचे वाहन सवार

भंवरपुर में शनिवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बलेनो कार अनियंत्रित होकर पुराने चौकी के पास तिराहा मार्ग से सीधे तालाब में जा घुसी। हादसे के वक्त कार में दो व्यक्ति सवार थे। दोनों समय रहते कार के शीशे खोलकर बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सरायपाली की ओर से तेज रफ्तार में भंवरपुर की तरफ आ रही थी। पुरानी चौकी के पास तिराहे पर अचानक वाहन अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित तालाब में जा गिरी। दोनों कार सवार सरायपाली क्षेत्र के छुईपाली निवासी हैं। कार के तालाब में घुसते ही उन्होंने शीशा खोला और तैरते हुए किनारे पहुंच गए। बाद में क्रेन की मदद से वाहन को तालाब से बाहर निकलवाया गया।

टाइगर रिजर्व में पुनः अतिक्रमण का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने हटाए गए अतिक्रमण क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण के मामले में सख्त रुख अपनाया है। उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित जमानत शर्तों के उल्लंघन के बाद जमानत को निरस्त कराने चुनौती देगा। यूएसटीआर ने उन अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। जिन्होंने पूर्व में हटाए गए अतिक्रमण एवं पुनः स्थापित किए गए वनक्षेत्र में कथित रुप से दोबारा प्रवेश कर वन्यप्राणी रहवास को नुकसान पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि जैतपुरी अतिक्रमण प्रकरण में 166 व्यक्तियों के विरूद्ध वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण वन तथा वन्यजीवों के आवास को क्षति पहुंचाने के संबंध में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इसके पश्चात 126 आरोपियों को उच्च न्यायालय से पुनः वन अपराधकारित नहीं करने की शर्त पर अग्रिम जमानत का लाभ मिला था तथा गिरफ्तार किए गए 40 आरोपियों को नगरी न्यायालय से जमानत मिली है।

- **आरोपियों की जमानत निरस्त करने यूएसटीआर कर रही कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी**

पुनः अतिक्रमण का साक्ष्य एक आरोपी पकड़ाया : अतिक्रमण हटाकर पुनःस्थापित किए गए वनक्षेत्र में 18 अगस्त 2026 को करीब 60-70 आरोपियों ने पुनः प्रवेश कर कथित रुप से अतिक्रमण एवं वन्यप्राणी रहवास को क्षति पहुंचाई थी। जिस पर यूएसटीआर ने वन्यप्राणी अपराध तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम का मामला दर्ज किया है। जैतपुरी के एक आरोपी परमेश वट्टी को मौके पर पकड़ा गया जहां फोटो, वीडियोग्राफी की गई। वन अपराध में प्रयुक्त औजारों, हथियारों को जब्त कर उपस्थित चश्मदीद गवाहों, कोटवार के बयान, ड्रोन फुटेज सहित संबंधित साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं जिसके आधार पर संबंधित व्यक्तियों की पहचान की गई है।

जमानत के खिलाफ चुनौती देने की कार्रवाई

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि यूएसटीआर ने निर्णय लिया है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सक्षम न्यायालय के समक्ष 126 फरार आरोपियों को उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत तथा पूर्व में गिरफ्तार 40 आरोपियों को नगरी न्यायालय से नियमित जमानत प्राप्त है जिसे चुनौती देने आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पूर्व अतिक्रमण, अतिक्रमण क्षेत्र से हटाने एवं वनक्षेत्र की पुनः स्थापना तथा पुनः किए गए अतिक्रमण, क्षति, जमानत प्राप्त करने के बाद आरोपियों के आचरण से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे।



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Onroad price of HF Deluxe Self start variant applicable in Chhattisgarh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलौदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, आदापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिलाईः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरूनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अमलपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, खुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरूदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरूनानक ऑटो, 9425596290, केसकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरहीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, दिशालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डट्टपिनार- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गौहारा पादरः गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुहकुदुरः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, मानुपुरतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मनपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लालोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेभाटाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाईल्स, 7000186678, सारंगढ़ः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाईल्स, 9301683268/7987037477, चारामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुरूरहीरोः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पाट्र्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

चिंतन

दुनिया में बढ़ता भारत का रुतबा

उज्बेकिस्तान की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च राज्य सम्मान 'ओली दाराजली दोस्लिक' से सम्मानित किया जाना केवल एक व्यक्ति को मिला सम्मान नहीं है, बल्कि यह बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता और उसके साथ मजबूत होते कूटनीतिक रिश्तों का संकेत है। मोदी को मिला यह 36वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। यह दिखाता है कि दुनिया में भारत का रुतबा लगातार बढ़ता जा रहा है। ताशकंद में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के बीच हुई बातचीत का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि इसमें औपचारिक कूटनीति से आगे बढ़कर यूरेनियम, परमाणु ऊर्जा, रक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे ठोस मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत को अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विश्वसनीय और दीर्घकालिक साझेदारों की आवश्यकता है। ऐसे में मध्य एशिया के देशों के साथ ऊर्जा सहयोग भारत की रणनीतिक जरूरत बन चुका है। इसी तरह रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष सहयोग, हथियारों के संयुक्त उत्पादन और नई तकनीक विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ना भारत की बदलती रक्षा नीति को दर्शाता है। भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं रहना चाहता। वह तकनीक, उत्पादन और अनुसंधान में साझेदारी बढ़ाकर अपनी सामरिक क्षमता मजबूत करना चाहता है। उज्बेकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग इस दिशा में उपयोगी साबित हो सकता है। सबसे बड़ी चुनौती हालांकि व्यापार की है। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जबकि वर्तमान व्यापार एक अरब डॉलर से कुछ अधिक है। लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल करने के लिए केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं होंगी। भारत को मध्य एशिया तक अपनी व्यापारिक पहुंच आसान करनी होगी। परिवहन, बैंकिंग, भुगतान व्यवस्था, निवेश और बाजार तक पहुंच से जुड़ी अड़चनों को दूर करना होगा। व्यापार बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी होगी। भारत-उज्बेकिस्तान संबंधों का एक और महत्वपूर्ण पहलू आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद के खिलाफ साझा चिंता है। मध्य एशिया की भौगोलिक स्थिति उसे अफगानिस्तान और व्यापक क्षेत्र में पैदा होने वाली अस्थिरता से सीधे जोड़ती है। भारत भी आतंकवाद को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है। इसलिए दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग केवल द्विपक्षीय विषय नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता से जुड़ा मामला है। मध्य एशिया का क्षेत्र ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध होने के साथ यूरोप और एशिया के बीच महत्वपूर्ण भौगोलिक कड़ी भी है। ऐसे समय में जब दुनिया बड़े शक्ति केंद्रों के बीच नए समीकरण बनते देख रही है, भारत के लिए जरूरी है कि वह अपने पड़ोस से आगे बढ़कर मध्य एशिया में भी आर्थिक और रणनीतिक उपस्थिति मजबूत करे। प्रधानमंत्री मोदी को मिला सम्मान इस बढ़ते प्रभाव का प्रतीक जरूर है, लेकिन सम्मान तभी सार्थक होगा जब उससे व्यापार बढ़े, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो, रक्षा सहयोग जमीन पर उतरे और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़े। उज्बेकिस्तान के साथ बढ़ता सहयोग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में भारत का रुतबा बढ़ रहा है, लेकिन इस रुतबे को स्थायी शक्ति में बदलने के लिए कूटनीतिक उपलब्धियों को आर्थिक ताकत, तकनीकी क्षमता और रणनीतिक आत्मनिर्भरता में बदलना होगा। यही नए भारत की असली वैश्विक पहचान होगी।

दो समानांतर धरातलों पर अर्थव्यवस्था



आर्थिकी
सतीश सिंह

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय मजबूती और अनिश्चितता के दो समानांतर धरातलों पर आगे बढ़ रही है। घरेलू उपभोग, सेवा क्षेत्र, औद्योगिक उत्पादन, सरकारी पूंजीगत व्यय और बैंक ऋण में तेजी विकास को सहारा दे रही है। ऊंची थोक महंगाई, वैश्विक युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संरक्षणवादी व्यापार नीतियां और बाधित वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखलाएं विकास के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक रियल जीडीपी वृद्धि 7 .3 प्रतिशत रही। देश की सफलता केवल विश्व की सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने में नहीं, बल्कि इस वृद्धि को रोजगारपरक, महंगाई-नियंत्रित, समावेशी बनाने में निहित है।

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय मजबूती और अनिश्चितता के दो समानांतर धरातलों पर आगे बढ़ रही है। घरेलू उपभोग, सेवा क्षेत्र, औद्योगिक उत्पादन, सरकारी पूंजीगत व्यय और बैंक ऋण में तेजी विकास को सहारा दे रही है। दूसरी ओर, ऊंची थोक महंगाई, वैश्विक युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संरक्षणवादी व्यापार नीतियां और बाधित वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखलाएं विकास के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (रियल जीडीपी) वृद्धि 7.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही की वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अगस्त 2026 में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है। इसका अर्थ है कि अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत बनी हुई है, लेकिन पिछले वर्ष के मुकाबले कुछ नरमी आ सकती है। यह संभावित नरमी कमजोरी से अधिक वैश्विक अनिश्चितता, महंगाई और लागत संबंधी दबाव का परिणाम है। जुलाई 2026 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई 4.45 प्रतिशत रही। यह रिज़र्व बैंक के 6 प्रतिशत के ऊपरी सहनशीलता स्तर से नीचे है, लेकिन 4 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। खाद्य पदार्थों, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि सीधे परिवारों की क्रयशक्ति को प्रभावित करती है। गरीब और निम्न-मध्यम वर्ग अपनी आय का बड़ा हिस्सा भोजन और आवश्यक वस्तुओं पर खर्च करता है; इसलिए खाद्य महंगाई उसके लिए औसत आंकड़े से अधिक कष्टकारी होती है। इसके विपरीत, जुलाई में थोक महंगाई 9.78 प्रतिशत रही, जो जून के 9.87 प्रतिशत से मामूली कम है। नई आधार-वर्ष श्रृंखला के अंतर्गत ईंधन एवं बिजली की महंगाई 20.05 प्रतिशत और विनिर्मित उत्पादों की महंगाई 8.29 प्रतिशत रही। विश्लेषण से पता चलता है कि औद्योगिक कच्चे माल, धातु, रसायन, वस्त्र, प्लास्टिक और विद्युत उपकरणों पर लागत का दबाव बना हुआ है। खुदरा और थोक महंगाई का यह अंतर चेतावनी देता है। उत्पादक बढ़ी हुई लागत को कुछ समय तक अपने लाभांश में समाहित कर सकते हैं, लेकिन लगातार ऊंची थोक महंगाई अंततः उपभोक्ताओं के जेब तक पहुंच सकती है। इससे रिज़र्व बैंक के लिए ब्याज दरों में नरमी की गुंजाइश सीमित हो सकती है। अगस्त की मौद्रिक नीति में रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान 5 प्रतिशत रखा है। औद्योगिक क्षेत्र से उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। जून 2026 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.3 प्रतिशत बढ़ा। विनिर्माण उत्पादन में 7.8 प्रतिशत और बिजली एवं गैस उत्पादन में 10.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि खनन की वृद्धि 1 प्रतिशत रही। इससे स्पष्ट है कि औद्योगिक सुधार व्यापक है, लेकिन सभी क्षेत्रों में समान नहीं है। कमजोर खनन उत्पादन भविष्य में कुछ उद्योगों की इनपुट उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है। सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख इंजन बना हुआ है। डिजिटल सेवाएं, वित्त, संचार, पर्यटन, विमानन, परिवहन, खुदरा व्यापार और पेशेवर सेवाएं आर्थिक गतिविधियों को गति दे रही हैं। मई 2026 के प्रायोगिक सेवा उत्पादन सूचकांक में 27.4 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई, हालांकि नई एवं परीक्षणाधीन श्रृंखला और



आधार प्रभाव के कारण इस आंकड़े की व्याख्या सावधानी से की जानी चाहिए। सेवा क्षेत्र की मजबूती रोजगार और निर्यात के लिए अनुकूल है, परंतु उच्च कौशल वाली सेवाओं और अपेक्षाकृत कम उत्पादकता वाले अनौपचारिक रोजगार के बीच बड़ा अंतर बना हुआ है। आर्थिक गतिविधियों की मजबूती बैंक ऋण में भी दिखाई देती है। 15 जुलाई 2026 तक बैंक ऋण की सालाना वृद्धि 17.7 प्रतिशत रही, जबकि एक वर्ष पहले यह 9.9 प्रतिशत थी। सेवा और खुदरा क्षेत्रों में ऋण प्रवाह मजबूत है। एमएसएमई ऋण में निरंतर वृद्धि तथा बड़े उद्योगों के ऋण में सुधार निजी निवेश के धीरे-धीरे पुनर्जीवित होने का संकेत देता है। कृषि ऋण भी स्थिर गति से बढ़ रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने वैश्विक व्यापार को अधिक संरक्षणवादी बना दिया है। अप्रैल 2025 में व्यापक जवाबी शुल्क नीति लागू करने के बाद अमेरिका ने भारत पर भी ऊंचे शुल्क लगाए थे। फरवरी 2026 के भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के ढाँचे के अंतर्गत भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क हटाया गया तथा पारस्परिक शुल्क 25 से घटाकर 18 प्रतिशत किया गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जुलाई 2026 में वैश्विक वृद्धि 2026 के लिए 3 प्रतिशत और 2027 के लिए 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4 प्रतिशत है, जिससे वह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज बढ़ने वाले देशों में बना हुआ है। अमेरिका और यूरो क्षेत्र की वृद्धि भारत से काफी नीचे है। कुछ आसियान अर्थव्यवस्थाएं प्रौद्योगिकी और डेटा-सेंटर निवेश से लाभ उठा रही हैं, परंतु उनकी रफ्तार भी भारत से कम रहने का अनुमान है। भारत का लाभ विशाल घरेलू बाजार और युवा आबादी है, जबकि कमजोरी प्रति व्यक्ति आय, उत्पादकता, महिला श्रम भागीदारी और गुणवत्तापूर्ण रोजगार के मोर्चे पर है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का तनाव और अमेरिका-ईरान टकराव ऊर्जा, उर्वरक, खाद्यान्न और समुद्री व्यापार के लिए जोखिम हैं। आईएमएफ का भी मानना है कि युद्ध के कारण वैश्विक महंगाई में कमी नहीं आ रही है।भारत को विकास की गति बनाए रखने के लिए महंगाई नियंत्रण और वृद्धि समर्थन के बीच संतुलन बनाना होगा। खाद्य महंगाई का टिकाऊ समाधान केवल ब्याज दर बढ़ाना नहीं, बल्कि सिंचाई, भंडारण, कोल्ड-चेन, परिवहन, बाजार सूचना और कृषि आपूर्ति सुधारना है। पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता घटाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, सार्वजनिक परिवहन और ऊर्जा दक्षता को तेज करना होगा। 'चीन-प्लस-वन' रणनीति का लाभ लेने के लिए लॉजिस्टिक्स लागत घटाने, बिजली आपूर्ति सुधारने, भूमि एवं श्रम नियम सरल करने तथा अनुबंध प्रवर्तन मजबूत करने की जरूरत है। मुक्त व्यापार समझौतों के साथ घरेलू एमएसएमई को तकनीक, गुणवत्ता प्रमाणन और सस्ता वित्त उपलब्ध कराया जाना चाहिए। बैंक ऋण को उपभोग से अधिक उत्पादन और रोजगारोन्मुख निवेश की ओर मोड़ना होगा।

सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास और महिला रोजगार में सुधार घरेलू मांग को अधिक समावेशी और स्थायी बना सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति आशावादी अवश्य है, लेकिन जोखिममुक्त नहीं। तेज विकास, औद्योगिक उत्पादन, मजबूत सेवा गतिविधि और बढ़ता बैंक ऋण इसकी आंतरिक शक्ति हैं, ऊंची थोक महंगाई, संरक्षणवादी व्यापार नीतियां, युद्ध और अस्थिर आपूर्ति-श्रृंखलाएं इसकी बड़ी चुनौतियां हैं। भारत की सफलता केवल विश्व की सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने में नहीं, बल्कि इस वृद्धि को रोजगारपरक, महंगाई-नियंत्रित, क्षेत्रीय रूप से संतुलित और सामाजिक रूप से समावेशी बनाने में निहित है।

(लेखक आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत



खतरनाक संकेत है वन क्षेत्र में आ रही कमी

देश-दुनिया में यह मान्यता है कि वनों का होना हमारे स्वच्छ पर्यावरण, जीवन, स्वास्थ्य और मानवता का आधार है। पारिस्थितिकीय तंत्र में भी वनों की अहम भूमिका है। यही वह अहम वजह है जिसके कारण देश-दुनिया में आजकल वन क्षेत्र बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। इसके पीछे संयुक्त राष्ट्र की 27 अप्रैल 2017 को जारी वनीकरण सम्बंधी वह योजना है। उसके तहत उसने वैश्विक स्तर पर 26 लक्ष्य निर्धारित किए थे, जिसके तहत समूची दुनिया में साल 2030 तक तीन फीसदी जंगल का दायरा बढ़ाना था। इस योजना के तहत जंगल बढ़ाने का दायरा फ्रांस के कुल क्षेत्रफल के दोगुणे से भी अधिक था। बीते नौ सालों में उस लक्ष्य के केवल सात फीसदी की ही पूर्ति कर पाने में कामयाबी मिली है। खेदजनक यह है कि उनमें से दो लक्ष्य तो पूरी तरह अस्तित्व में आए ही नहीं। दुनिया के 48 देशों में जहां कुल वनों का 51 फीसदी हिस्सा वनाच्छादित है, वहां बीते 10 सालों में वन क्षेत्र में तकरीबन चार करोड़ हैक्टेयर से भी ज्यादा की कमी आई है। सबसे अधिक केवल एक साल यानी अकेले 2025 के दौरान ही दुनिया ने करीब 43 लाख हैक्टेयर यानी 1.06 करोड़ एकड़ वन खो दिये। यह लगभग 42,933 वर्ग किलोमीटर वाले डेनमार्क जैसे देश के बराबर है। अगर हम फुटबाल मैदानों की बात करें तो डेनमार्क में लगभग 60 लाख फुटबाल मैदान समा सकते हैं। इसका अर्थ यह कि धरती ने एक साल में 43,000 वर्ग किलोमीटर हरियाली खो दी। मैरीलैंड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अध्ययन से यह खुलासा हुआ है कि दुनिया में हर मिनट 11 फुटबाल मैदानों जितने बड़े वन खत्म हो रहे हैं। यह नुकसान एक दशक पहले की तुलना में 46 फीसदी से भी ज्यादा है। चिंतनीय यह कि अब वनीकरण का निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में केवल चार साल का ही समय बचा है। ऐसी हालत में यह सवाल बहस का मुद्दा बन गया है कि आखिर वह कौन से कारण रहे जिसके चलते वन संरक्षण की दिशा में दुनिया क्यों पिछड़ती जा रही है? यह भी गौरतलब है कि 2030 तक सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए वनावरण के दायरे को बढ़ाने और उपलब्ध वनों को सहेजने की दिशा में दुनियाभर में प्रगति संतोषजनक नहीं है। दरअसल 2021 के जलवायु शिखर सम्मेलन में 100 से भी अधिक देशों ने वादा किया था कि 2030 तक वे वनों की कटाई पूरी तरह रोक देंगे, लेकिन मौजूदा रफ्तार को देखते हुए दुनिया इस लक्ष्य से 70 फीसदी पीछे चल रही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 1.6 अरब लोगों के लिए जंगल, भोजन,पानी,ईंधन और रोजगार के स्रोत हैं। हालांकि बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, भूमि उपयोग में बदलाव, दावानल,वनोन्मूलन और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के कारण वनों का अस्तित्व खतरे में है। वनों के विनाश में केवल वनों की आग की ही अहम भूमिका नहीं है, इंसानी जरूरतें भी वन विनाश का बड़ा कारण है। जबकि वन न केवल सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जरूरी हैं बल्कि वे जैवविविधता के संरक्षण, खाद्य व आजीविका की सुरक्षा,गरीबी उन्मूलन, आक्सीजन की निरंतरता,मृदा संरक्षण, कार्बन अवशोषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भी जरूरी हैं। भारत में दावा बराबर वन क्षेत्र में बढ़ोतरी का किया जा रहा है लेकिन हकीकत में वन क्षेत्र में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद देश में जगह-जगह जारी विकास परियोजनाओं,खनन, प्राकृतिक दवाबों के कारण पुराने बड़े वनों के घनत्व में काफी कमी और मैंग्रोव वनों में गिरावट दर्ज की गयी है। हमारा कुल वन क्षेत्र 7,15,342.61 वर्ग किलोमीटर यानी 21.76 फीसदी है जबकि वृक्ष आवरण 1,12,014.34 वर्ग किलोमीटर यानी कुल 3.41 फीसदी है। कुल वन क्षेत्र के मामले में हमारे देश का दुनिया में 99वें वां नम्बर है। इसके पीछे सड़क निर्माण, वह भी बड़े-बड़े हाई-वे निर्माण, बांध निर्माण, खदानें और शहरीकरण जैसे विकस कार्यों की अहम भूमिका के चलते पुराने वनों का घनत्व लगातार गिरता जा रहा है। हकीकत यह है कि हर साल तकरीबन 22 लाख से ज्यादा पेड़ों की बलि विकास यज्ञ में दी जा रही है। दरअसल आंकड़ों के जाल के तहत भारत में आधिकारिक आंकड़े कुल वन आच्छादन में भले स्थिरता दर्शाते हैं, किंतु प्राकृतिक वनों की गुणवत्ता और जैव विविधता का स्तर कम होने की प्रवृत्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उसमें आये-दिन कमी आ रही है।वास्तविक चुनौती प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्रों की संरचना, उनकी जैविक विविधता और उनकी पुनरुत्पादक क्षमता को सुरक्षित रखने की है। जबतक ऐसा नहीं होगा, यह संकट गहराता ही चला जाएगा।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित
प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

अंतर्मन



आज की पाती

प्याज की बढ़ती कीमत महंगाई का एक और झटका

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी हों। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि अब देश के कुछ राज्यों में इसकी कीमत 50 रुपए प्रति किलो से ऊपर हो चुकी है। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं। लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई। – *संजय पटेल, चिरमिरी*

ट्रेंड

मिशन शक्तिसैट



मिशन शक्तिसैट 108 देशों की छात्राओं को एक साथ ला रहा है और उन्हें सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के बारे में सीखने के साथ-साथ विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के नए क्षेत्रों को जानने का मौका भी दे रहा है।
-**अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

शुद्धिकरण



हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ जो कुछ भी हुआ, वह "शुद्धिकरण" के नाम पर उनके प्रति छुआछूत का मामला है और भारतीय संविधान के तहत छुआछूत एक दंडनीय अपराध है। तब से बीस दिन बीत चुके है - लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

प्रोटॉन बीम थेरेपी



असम में कैंसर के इलाज का एक नया दौर शुरू हो रहा है। गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज में प्रोटॉन बीम थेरेपी के लिए 600 करोड़ की मंजूरी मिलने के साथ, असम सरकारी अस्पतालों में यह अत्याधुनिक इलाज सुविधा देने वाला पहला राज्य बन जाएगा।
- **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

मोदी का सम्मान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ओली दराजली दोस्तलिक' से सम्मानित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं। यह सम्मान दोनों देशों के बीच अटूट मित्रता, आपसी विश्वास और सांस्कृतिक साझेदारी का प्रतीक है।
- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

करंट अफेयर

अमेरिका ने कई अफगानियों को मध्य अफ्रीकी गणराज्य भेजा



अमेरिका ने शनिवार को कई लोगों को मध्य अफ्रीकी गणराज्य निर्वासित किया, जिनमें एक अफगान नागरिक भी शामिल है, जिसके भाइयों ने अमेरिकी सेना के साथ मिलकर काम किया था। यह जानकारी उसके वकील और एक मानवाधिकार संगठन ने दी। इस अफगान नागरिक की उम्र 20 वर्ष के आसपास है। उसके वकील अल्मा डेविड ने बताया कि एक अमेरिकी न्यायाधीश ने तालिबान द्वारा उत्पीड़न की आशंका के कारण उसे अफगानिस्तान निर्वासित किए जाने से सुरक्षा प्रदान की थी। 'द एसोसिएटेड प्रेस' को प्राप्त हुए अदालती दस्तावेजों के अनुसार, अफगानिस्तान में उसके परिवार को तालिबान की ओर से धमकियां मिली थीं, क्योंकि उसके भाइयों ने अमेरिकी सेना के समर्थन में काम किया था। डेविड ने बताया कि इस अफगान नागरिक का एक भाई अमेरिका में रहता है और उसने अफगान राष्ट्रीय सेना में सेवा की थी। तालिबान के 2021 में सत्ता पर कब्जा करने से पहले अफगान राष्ट्रीय सेना अमेरिकी सेना के साथ मिलकर काम करती थी। उन्होंने बताया कि उसका एक अन्य भाई अमेरिका में प्रशिक्षित पायलट था, जिसकी तालिबान ने हत्या कर दी थी।

ऑफ बीट

क्या वजन से स्वास्थ्य का आकलन हो सकता है



हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है—जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



दृश्यम का फर्स्ट लुक आउट 2 अक्टूबर को होगी रिलीज

मुंबई। अजय देवगन स्टारर 'दृश्यम द कन्क्लूज़न' को लेकर दर्शकों का इंतजार लगातार बढ़ता जा रहा है। इस हफ्ते की शुरुआत में चर्चा में रहे आई कैंपेन के बाद अब मेकर्स ने फिल्म के सभी प्रमुख किरदारों के दमदार फर्स्ट लुक पोस्टर्स जारी कर दिए हैं। इन पोस्टर्स में पुराने किरदारों की वापसी के साथ-साथ नए चेहरों की भी पहली झलक देखने को मिली है। फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर अपने चर्चित किरदार विजय सालगांवकर के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ श्रिया सरन नंदिनी सालगांवकर के किरदार में वापसी कर रही हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।



लाइफ Style

कियारा

बनेगा 'की एंड का' का सीक्वल

एजेंसी ⏭ मुंबई

इन दिनों कियारा आडवाणी अपनी फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर लगातार चर्चा में हैं। यश के साथ इस फिल्म में उनके किरदार और बोल्ड अंदाज ने खूब ध्यान खींचा है। इसी बीच उनकी अगली फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है।

बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी फिल्मों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में अब साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'की एंड का' का नाम भी जुड़ गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स करीब 10 साल बाद 'की एंड का 2' बनाने की तैयारी कर रहे हैं। खास बात यह है कि फिल्म की कहानी पिछली फिल्म की कहानी को आगे नहीं बढ़ाएगी। इसके बजाय 'की' और 'का' नाम के किरदारों को रखते हुए एक बिल्कुल नई कहानी दिखाई जाएगी। बताया जा रहा है कि फिल्म में 'की' के किरदार के लिए कियारा आडवाणी से संपर्क किया गया है। कियारा ने भी इस प्रोजेक्ट में दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, अभी उन्होंने फिल्म साइन नहीं की है। वहीं, फिल्म में 'का' का किरदार निभाने वाले एक्टर की तलाश अभी जारी है। मेकर्स कियारा के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए एक सही अभिनेता की तलाश कर रहे हैं। कियारा के बहुत सारे फैंस को उनके असली नाम के बारे में भी नहीं पता होगा। कियारा का असली नाम आलिया है। बता दें कि ये नाम फिल्म 'अंजाना अंजानी' में प्रियंका चोपड़ा के किरदार से लिया गया था। लेकिन, कियारा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें नाम बदलने की सलाह अभिनेता सलमान खान ने दी थी।

हॉलीवुड मसाला



टॉम की नई फिल्म का ऐलान

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम क्रूज अपनी अलग तरह की फिल्मों के लिए मशहूर हैं। भारत में भी उनके दीवाने हैं। हाल ही में उन्होंने एक नई फिल्म का ऐलान किया है। उन्होंने बताया है कि यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई एक फिल्म का सीक्वल है। इसके साथ उन्होंने फिल्म की लीड अभिनेत्री के बारे में जानकारी दी है। टॉम क्रूज ने 'डेज ऑफ थंडर' के सीक्वल का ऐलान किया है। उन्होंने बताया है कि 1990 की इस रेसिंग ड्रामा फिल्म के बहुप्रतीक्षित सीक्वल में ऐन हैथवे भी उनके साथ होंगी।



अक्टूबर में द डिप्लोमैट सीरीज की वापसी

लॉस एंजेलिस। नेटफ्लिक्स का सुपरहिट पॉलिटिकल ड्रामा 'द डिप्लोमैट 4 वापसी के लिए तैयार है। इस नए सीजन में केरी रसेल अपने पति के राजनीतिक रसूख और अंतरराष्ट्रीय साजिशों से एक बार फिर लोहा लेती नजर आएंगी। नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें लिखा है 'द डिप्लोमैट सीजन 4 का प्रीमियम 15 अक्टूबर को होगा। सीजन 4 में यह देखना बेहद रोमांचक होगा कि क्या केट अपने पति के रसूख और पर्दे के पीछे चलने वाली गंदी राजनीति को मात दे पाएंगी, या फिर खुद उस भंवर में उलझ कर रह जाएंगी? नेटफ्लिक्स की हिट पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज 'द डिप्लोमैट' में केरी रसेल ने अमेरिकी राजदूत केट वाइलर और रूफस सीवेल ने उनके पति हैल की भूमिका निभाई है।



पहली बार करेंगी महिला निर्देशक संग काम

मुंबई। अभिनेत्री करीना कपूर खान जल्द ही निर्देशक आरती कदव की एक नई फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। आरती कदव अपनी अनोखी और हटकर कहानियों के निर्देशन के लिए जानी जाती हैं। ये फिल्म 1990 के दशक के बैकड्रॉप पर आधारित होगी और इसकी शूटिंग इसी साल सितंबर महीने से शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। करीना कपूर और आरती कदव पहली बार किसी प्रोजेक्ट में एक साथ काम कर रही हैं। इस नई जोड़ी को एक साथ आते देख फैंस और सिनेमाप्रेमी यह जानने के लिए काफी उत्सुक हैं कि ये दोनों मिलकर बड़े पर्दे पर क्या नया कमाल दिखाती हैं। ये फिल्म करीना कपूर खान के हालिया दमदार और संजीदा रोल्स ('द बकिंघम मर्डर्स', 'सिंघम अगेन') से काफी मेल खाती है।



ओटीटी पर दस्तक देगी फिल्म डीसी

मुंबई। मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज फिल्म 'डीसी' में पहली बार एक्टिंग कर रहे हैं। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ये एक्शन से भरी फिल्म अब ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। फिल्म आगामी 4 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर दिखेगी। अरुण माथेश्वरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म पुरानी 'देवदास' की कहानी को एक नए और गहरे अंदाज में दिखाती है। लोग इसे तमिल और तेलुगू भाषाओं में देख सकेंगे। कनगराज का किरदार 'दास' त्रासदी और बदले से जूझता है। फिल्म में लोकेश कनगराज 'दास' का किरदार निभा रहे हैं। दास की जिंदगी तब पूरी तरह बदल जाती है, जब उसकी प्रेमिका पार्वती की मौत हो जाती है, वहीं वामिका गब्बी 'चंद्रा' के रोल में हैं, जो अपने ऊपर हुए जुल्मों के खिलाफ आवाज उठाती है।

सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक में रश्मिका आएंगी नजर

मुंबई। *रश्मिका मंदाना जल्द ही भारत की मशहूर कर्नाटक गायिका और भारत रत्न से सम्मानित एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक में नजर आएंगी। फिल्म का आधिकारिक ऐलान 16 सितंबर को सुब्बुलक्ष्मी की जयंती के मौके पर किया जाएगा। इस खास रोल के लिए पहले साई पल्लवी और रुक्मिणी वसंत जैसी अभिनेत्रियों के नामों की भी चर्चा थी, लेकिन आखिरकार ये भूमिका रश्मिका की झोली में आई। इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्ननुरी कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है और ना ही इसकी कहानी या संगीत से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने आई है। रश्मिका इस खास किरदार को निभाने के लिए पूरी लगन से तैयारी कर रही हैं। वो सुब्बुलक्ष्मी के शांत स्वभाव, उनके व्यक्तित्व और ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस को अपनी एक्टिंग में बखूबी उतारने की कोशिश में जुटी हैं। माना जा रहा है कि ये रश्मिका के करियर की सबसे यादगार और बड़ी भूमिकाओं में से एक साबित हो सकती है।*

छोटे रोल में छा गईं संजीदा

मुंबई। अभिनेत्री संजीदा शेख इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार को मिल रही सराहना के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिनेत्री संजीदा शेख ने इंस्टाग्राम पर फिल्म में अपने निभाए किरदार की कुछ तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट किए। इस पोस्ट के जरिए अभिनेत्री ने शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि छोटे से किरदार दर्शकों में इतना प्रभाव डालेगा। अभिनेत्री संजीदा शेख फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में एक विशेष कैमियो रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार 'राया' (यश) और 'गंगा' (नयनतारा) की मां (कमला) का एक छोटा लेकिन विशेष कैमियो (विशेष उपस्थिति) निभाया है। अभिनेत्री ने फिल्म में भले ही छोटा-निगेटिव रोल निभाया हो, लेकिन दर्शकों के दिलों में गहरा प्रभाव छोड़ा है। संजीदा ने लिखा, एक कलाकार के तौर अपने काम का सबसे मजेदार हिस्सा वो किरदार निभाना है, जो आपको चुनौती दें। फिल्म टॉक्सिक ने मुझे एक ऐसा अनोखा रोल निभाने का मौका दिया, जो मेरी असल जिंदगी से बहुत अलग है और शायद इसी वजह से मुझे इसे करने में बहुत मजा भी आया।



सामंथा ने किया बेबी बंप फ्लॉन्ट

मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरु अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। कपल ने इस साल जून में हैदराबाद में 'मा इंति बंगारम' की सक्सेस मीट के दौरान इस खुशखबरी की पुष्टि की थी। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। सामंथा रुथ ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें उन्होंने बेबी बंप दिखाते हुए तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। एक फोटो में वे ब्लैक एंड व्हाइट पोलका डॉट ड्रेस में बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ देखा जा सकता है। एक फोटो में वे क्रॉप टॉप पहने दिखी हैं। वहीं, एक और फोटो में वे ऑल व्हाइट आउटफिट में अपना बेबी बंप दिखा रही हैं। सामंथा ने कॉफी की फोटो भी शेयर की है। इसके अलावा एक तस्वीर में वे रेस्टोरेंट में बैठी नजर आ रही हैं और अपने ऑर्डर का इंतजार कर रही हैं। सामंथा के चेहरे पर खुशी देखी जा सकती है। इन्हीं में से एक तस्वीर में सामंथा यात्रा करती दिख रही हैं। बता दें कि सामंथा और राज निदिमोरु ने 1 दिसंबर 2025 को शादी रचाई थी। हैदराबाद में 'मा इंति बंगारम' से जुड़े फैन-मीट इवेंट में सामंथा ने प्रेग्नेंसी की पुष्टि करते हुए बताया था कि वे अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने के बाद एक्टिंग से ब्रेक लेने का प्लान बना रही हैं।



कॉमेडी से एक्शन और सस्पेंस तक लगेगा मनोरंजन का तडका

सितंबर में नेटफ्लिक्स पर दस्तक देंगी दमदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। नेटफ्लिक्स पर सितंबर का महीना बहुत ज्यादा बिजी रहने वाला है। इस पूरे महीने में नेटफ्लिक्स पर 12 फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों और सीरीज में कॉमेडी से लेकर एक्शन और सस्पेंस ड्रामा कंटेंट शामिल है। आइए जानते हैं नेटफ्लिक्स पर कब क्या रिलीज हो रहा है।

गांधारी : रिलीज डेटः 3 सितंबर

तापसी पन्नू क्राइम थ्रिलर में लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला की कहानी है, जिसकी बेटी किडनैप हो जाती है और इस किडनैपिंग के दौरान उस महिला की आंखों की रोशनी चली जाती है। अब ये मां अपनी बेटी को बचाने के लिए उन लोगों तक पहुंचेगी।

टर्निंग प्वाइंटः जनरेशन 9/11 : रिलीज डेटः 2 सितंबर

ये एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है, जिसमें दिखाया जाएगा कि 9/11 अटैक के पीड़ित परिवार हमले के 25 साल बाद कैसे रह रहे हैं। इस फिल्म में उन बच्चों से बात की गई है जिनके माता-पिता 9/11 के हमले में मारे गए थे। उन जर्नलिस्ट से बात की गई है जिन्होंने उस दौरान अपने करियर की शुरुआत की थी।

द जेंटलमैन सीजन 2 रिलीज डेटः 3 सितंबर

ये एक ब्रिटिश कॉमेडी सीरीज है। इस सीरीज का पहला सीजन साल 2024 में आया था। अब सीरीज का दूसरा सीजन आने जा रहा है।

अ माइनक्राफ्ट मूवी : रिलीज डेटः 4 सितंबर

ये एक एक कॉमेडी- एडवेंचर फिल्म है। चार अजीब लोग एक पोर्टल के जरिए एक अनोखी और अलग दुनिया में पहुंच जाते हैं। घर वापस लौटने के लिए, उन्हें इस दुनिया को समझना होगा।

लवसिक : रिलीज डेटः 2 सितंबर

ये एक मेक्सिकन नेटफ्लिक्स ओरिजिनल पीरियड ड्रामा है। सीरीज की कहानी एमिलिया के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने सपनों को पूरा करते हुए दोनों लोगों के प्यार में पड़ जाती है।

द हाई कॉर्प्स : रिलीज डेटः 3 सितंबर

ये एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ईराक और अफगानिस्तान युद्ध से लौटा एक सैनिक है। उस एक्स सैनिक को एक चैम्पियन मुक्केबाज की सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड के तौर पर हायर किया जाता है।



चुंबक : रिलीज डेटः 10 सितंबर

ये एक हिंदी सिटकॉम सीरीज है। सीरीज की कहानी चुंबक कॉलोनी के पांच पड़ोसियों के इर्द-गिर्द घूमती है। ये पांचों पड़ोसी आपको गुदगुदाने के लिए आ रहे हैं।

द ब्रेडविनर : रिलीज डेटः 6 सितंबर

ये एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। फिल्म की कहानी एक ऐसे पिता के इर्द-गिर्द घूमती है जिसकी पत्नी का बिजनेस चल चुका और अब पिता के ऊपर अपने तीनों बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी है।

द टाइम ट्रेवलर्स वाइफ : रिलीज डेटः 8 सितंबर

ये एक रोमांटिक साइंस फिक्शन फिल्म है। फिल्म की कहानी एक ऐसे लाइब्रेरियन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टाइम ट्रेवल कर सकता है। उसका ये टाइम ट्रेवल करना उसकी शादीशुदा जिंदगी में परेशानी का सबब बनता है।

फौदा सीजन 5 : रिलीज डेटः 8 सितंबर

ये एक साइकोलॉजिकल पॉलिटिक्ल थ्रिलर सीरीज है। सीरीज का पहला सीजन साल 2016 में नेटफ्लिक्स पर प्रसारित किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 137वां संस्करण

'मिशन शक्तिसैट' से 108 देशों की 12 हजार बेटियों को सैटेलाइट टेक्नोलॉजी व इनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा

पूरी तरह छात्राओं की भागीदारी से तैयार एक सैटेलाइट को चांद के ऑर्बिट में भेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में रविवार को कहा कि भारत, ऐसे सपने देखने वाली दुनिया की हजारों बेटियों को एक साथ जोड़ रहा है। इस प्रयास का नाम है मिशन शक्तिसैट। इसके माध्यम से 108 देशों की 12 हजार छात्राओं को सैटेलाइट टेक्नोलॉजी सीखने और इनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। 23 अगस्त को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इस मिशन की एक सुंदर तस्वीर उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में देखने को मिली।


नरेंद्र मोदी

गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में मिशन शक्तिसैट के दूसरे चरण की शुरुआत हुई। इस अवसर पर दुनिया के अलग-अलग देशों और भारत से आई करीब 100 छात्राएं एक साथ जुटीं। भारत के दूर-दराज क्षेत्रों से चुनी हुई छात्राएं भी इसमें हिस्सा ले रही हैं। इस पूरे प्रयास का लक्ष्य भी बहुत खास है। पूरी तरह छात्राओं की भागीदारी से तैयार एक सैटेलाइट को मून के ऑर्बिट में भेजने की तैयारी है।

दुनिया-भर में सूरज आगे बढ़ता गया वैसे-वैसे भारतीय तिरंगा भी लहराता गया

पीएम ने कहा कि इस साल 'सूर्यपथ तिरंगा' के जरिए हमारा तिरंगा दुनिया-भर की एक अनोखी यात्रा पर निकला। फिजी के सुवा में सूरज की पहली किरण के साथ तिरंगा फहराया गया। इसके बाद एशिया, अफ्रीका, यूरोप और फिर सैन फ्रांसिस्को तक भारतीय मिशन और पोस्ट पर तिरंगा लहराता गया। आप कल्पना कर सकते हैं, ये दृश्य कितने अद्भुत रहे होंगे। जैसे-जैसे दुनिया-भर में सूरज आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे भारतीय तिरंगा भी लहराता गया।

अमरनाथ यात्रा में 400 मीट्रिक टन कचरा प्रोसेस किया

पीएम ने कहा कि इस वर्ष यात्रा के दौरान, 400 मीट्रिक टन से ज्यादा कचरे को कलेक्ट और प्रोसेस किया गया। 16 हजार से अधिक यात्रियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। 10 हजार से अधिक यात्रियों को रिस्पांसिबल यात्री सार्टिफिकेट भी दिया गया। यात्रा में घोड़ों और खच्चरों के गोबर को, बॉयोगैस में बदला गया और उसी क्लीन एनर्जी से, 'स्वच्छ ज्योत' प्रज्वलित की गई। यानी बाबा बर्फानी की इस पवित्र यात्रा में, स्वच्छता भी सेवा और आस्था का एक रूप बन गई।

एक गांव में 60 से अधिक महिलाएं जंगल संरक्षण से जुड़ीं


ओडिशा के देबरीगढ़ में एक गांव है 'धोड़रोकुसुम'। कुछ साल पहले तक इस गाँव की मैथिली भुए जी लगभग हर दिन जंगल जाती थीं - कभी जलावन की लकड़ी लेने, कभी महुआ और केंदु पत्ता चुनने, तो कभी बांस की कोपलें और दूसरी वन उपज लाने। मैथिली जी देबरीगढ़ ईको-टूरिज्म से जुड़ीं। यहां से जंगल के साथ उनका रिश्ता एक नई दिशा में बदल गया। आज 60 से अधिक महिलाएं जंगल के संरक्षण में जुड़ चुकी हैं। क

बांग्लादेश सीमा पर 25 करोड़ का सोना जब्त, महिला अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल के नदिया में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर एक बार फिर सोने की तस्करी की बड़ी कोशिश नाकाम कर दी है। एक गुप्त सूचना के आधार पर, बीएसएफ की 32वीं बटालियन के जवानों ने बनपुर बॉर्डर इलाके में ऑपरेशन चलाया और एक महिला को हिरासत में लिया। बीएसएफ सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय तक नजर रखने के बाद, संदिग्ध गतिविधि दिखने पर महिला को हिरासत में लिया गया।

तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 15 किलो 607 ग्राम सोना बरामद हुआ। बीएसएफ का दावा है कि जब्त किए गए सोने की बाजार कीमत 24 करोड़ 95 लाख 56 हजार है। तस्करी की घटना के बारे में महिला से पूछताछ की जा रही है। जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल है, सोना कहां से लाया गया था और इसे कहां तस्करी करके ले जाया जाना था। बीएसएफ ने तस्करी रोकने के लिए बॉर्डर पर निगरानी बढ़ा दी है। सोने की इतनी बड़ी बरामदगी से तस्करी करने वाले एक बड़े और सक्रिय गिरोह का पता चल सकता है इसीलिए महिला से पूछताछ की जा रही है।



ताशकंद में दोस्ती का नया अध्याय

भारत-उज्बेकिस्तान के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी का ऐलान

यूरेनियम की आपूर्ति पर सहमति 5 अरब डॉलर व्यापार का 'लक्ष्य'

भारत और उज्बेकिस्तान ने क्षेत्र में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर बने रहने का साझा संकल्प दोहराया

एजेंसी ▶▶ ताशकंद

भारत और उज्बेकिस्तान ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक नए युग में ले जाते हुए इन्हें 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर बढ़ाने का बड़ा फैसला किया है। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ कुकसारॉय राष्ट्रपति भवन में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता और संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका ऐलान किया। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी के 15 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। यूरेनियम आपूर्ति और उच्च तकनीक क्षेत्रों में सहयोग प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक स्थायी व्यवस्था स्थापित की जाएगी। इसके अतिरिक्त दोनों देश डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिज), स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे भविष्यवादी क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस सुरक्षा सहयोग को गहरा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क, सह-उत्पादन और सह-विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

इन क्षेत्रों में मिलकर करेंगे काम

1. डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर
2. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)
3. क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिज)
4. स्वच्छ ऊर्जा
5. अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा
6. रक्षा उद्योगों में सह-उत्पादन

सिस्टर-सिटी समझौते और गिफ्ट सिटी मॉडल

राष्ट्रीय राजधानियों से परे राज्यों और शहरों के जुड़ाव को बढ़ाने के लिए तीन सिस्टर-सिटी और सिस्टर-स्टेट समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। उज्बेकिस्तान की न्यू ताशकंद परियोजना के संदर्भ में पीएम मोदी ने गुजरात की गिफ्ट सिटी के मॉडल को साझा करने की पेशकश की और उज्बेकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को भारत आने का निमंत्रण दिया।

महिलाओं ने बांधी राखी, बच्चों की भारतीय और उज्बेक सांस्कृतिक प्रस्तुति ने जीता दिल


पीएम नरेंद्र मोदी का शनिवार को ताशकंद में भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया। उनके आगमन पर लोगों ने 'मोदी-मोदी', 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पीएम जब भारतीय समुदाय के लोगों का अभिवादन कर रहे थे, तभी कुछ महिलाओं ने उनके हाथ पर राखी बांधी। इस आत्मीय पल ने कार्यक्रम को भावनात्मक और पारिवारिक रंग दे दिया। महिलाओं ने पीएम के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त किया, वहीं पीएम मोदी ने भी उनका अभिवादन स्वीकार किया। स्वागत कार्यक्रम में कलाकारों ने भारतीय और उज्बेक संस्कृति की झलक पेश करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जल भुइयां ने कहा

सवाल पूछना विद्रोह नहीं लोकतंत्र में अलग आवाजों को भी सुनना चाहिए

- असहमति का जवाब दुश्मनी से नहीं दिया जाए
- छात्रों को धमकी देना सत्ता और पद का दुरुपयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश उज्जल भुइयां ने रविवार को कहा कि अलग राय रखने या सवाल पूछने वाले छात्रों को दंडात्मक कार्रवाई की धमकी नहीं दी जा सकती। ऐसा करना असांविधानिक और सत्ता का दुरुपयोग है। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसी जगह होनी चाहिए, जहां स्थापित धारणाओं की जांच और सवाल किए जा सकें तथा असहमति का जवाब दुश्मनी से नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय वह जगह है, जहां स्वतंत्र रूप से सोचने की आदत विकसित होती है और छात्र कठिन सवाल पूछने में संकोच नहीं करता। उन्होंने कहा कि सवाल पूछने का अधिकार विद्रोह नहीं है और असहिष्णु सोच भारतीय संविधान की भावना के विपरीत है।



असहिष्णु सोच की कोई जगह नहीं

न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि भारतीय संविधान यह मानता है कि एक स्वतंत्र समाज में अलग-अलग विचार और मान्यताएं होंगी।


भुइयां

सार्वजनिक जीवन में सार्थक भागीदारी तभी संभव है, जब असहमति के लिए जगह हो। उन्होंने कहा कि सहिष्णुता एक सांविधानिक मूल्य है। बुद्ध और गांधी की भूमि भारत में असहिष्णु सोच के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह भी एक तरह की हिंसा है।

श्योपुर कलेक्टर शीला दाहिमा का वीडियो वायरल

लेके पहला-पहला प्यार, भरके आंखों में खुमार...गाने पर थिरकती नजर आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्योपुर की कलेक्टर और 2015 बैच की आईएएस अधिकारी शीला दाहिमा इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी गायकी को लेकर चर्चा में हैं। इंटरनेट पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वह 1956 की मशहूर फिल्म सीआईडी के क्लासिक गाने 'लेके पहला-पहला प्यार, भरके आंखों में खुमार...'को अपनी सुरीली आवाज में गाती और उस पर डांस करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को श्री हजारेश्वर मेला मैदान का हालिया कार्यक्रम बताकर शेयर किया जा रहा है। हालांकि, पड़ताल में सामने आया है कि यह वीडियो पूरी तरह से नया नहीं है, बल्कि इसे खुद कलेक्टर शीला दाहिमा ने लगभग दो साल पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किया था।


शीला दाहिमा

बीटेक से आईएएस तक का सफर

-मूल रूप से स्टेट सर्विस से पदोन्नत होकर 2015 बैच की आईएएस अधिकारी बनीं शीला दाहिमा ने बीटेक की पढ़ाई की है। श्योपुर कलेक्टर के रूप में यह उनकी पहली पोस्टिंग है, जहां वह अपने बेहतरीन कार्यशैली और अनूठे अंदाज के लिए जानी जाती हैं।

निलंबित डीएसपी नेहा पर शिकंजा

विदेश भागने की आशंका में लुकआउट नोटिस की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटनी के बहुचर्चित जमीन सौदेबाजी मामले में फरार निलंबित डीएसपी नेहा पच्चीसिया समेत तीन आरोपियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अग्रिम जमानत खारिज होने और गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित होने के बाद अब विदेश भागने की आशंका में लुक आउट सर्कुलर जारी कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद से निलंबित डीएसपी नेहा पच्चीसिया, क्षितिज राज बारापात्रे और मारूफ अहमद हनफी फरार हैं। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी विदेश भागने की कोशिश कर सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कराने के लिए संबंधित एजेंसियों को पत्र भेजा गया है।


नेहा पच्चीसिया

शुद्धिकरण विवाद : यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

आरएसएस मुख्यालय के बाहर जलाए गए मनुस्मृति के पन्ने



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उत्तराखंड दौरे के दौरान एक मंच के कथित शुद्धिकरण मामले को लेकर सियासत गरमा गई है। इसके विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली के झंडेवालान स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संघ और भाजपा को जातिवादी व भेदभावपूर्ण विचारधारा वाला करार देते हुए मनुस्मृति के पन्ने जलाए और जमकर नारेबाजी की। हाथों में संविधान की प्रति लेकर पहुंचे कार्यकर्ता युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता हाथों में भारत के संविधान की प्रतियां और मनुस्मृति का विरोध करने वाले पोस्टर लिए नजर आए।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरे-815)

Wanted- URGENT REQUIREMENT OF SECURITY GUARDS FOR REPUTED HOSPITAL OF RAIPUR आवश्यकता है: रायपुर हॉस्पिटल हेतु सिक्योरिटी गार्ड 10वीं पास वेतन 12000+PF & ESIC संपर्क Contact: 9907330741, 9826022167, 9993700020, 9907330740, 9826114377. (आरे-1344)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरे-309)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ऑफिस/ डिलीवरी बॉय

आवश्यकता है- ऑफिस के कार्यों के साथ ही समय-समय पर डिलीवरी करने हेतु एक मेहनती ऑफिस/डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है। अपना बायोडाटा 9755763666 पर व्हाट्सएप या snaco43@gmail.com पर मेल करें। (आरे-110)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरे-209)

ऑफिस स्टॉफ/ अकाउंटेंट

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता- अकाउंटेंट Tally ERP 9 (मेल/ फीमेल), मैनुअल क्लेरिकल वर्क स्टॉफ (मेल/ फीमेल), फील्ड स्टॉफ (मेल/ फीमेल), आफिस बॉय (दोपहिया वाहन आवश्यक), जय अम्बे एग्रो इंडस्ट्रीज, अवंति विहार, 400 मीटर आगे एटीएम चौक से, एस्थेटिक इन्स्टिट्यूट ऑफ़ डिज़ाइन कॉलेज के पास, रायपुर। फोन- 8602598092, 9243826347.(आरे-420)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरे -4169)

घरेलु/ड्रायवर कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में एक फैमिली की आवश्यकता हैं। पत्नी जो घर मे रहकर घर के कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो बुलेरो पिकअप चला सके उसे प्राथमिकता। रहने/ बिजली, पानी की सुविधा, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क:- 9893413130, 9425509393. (आरे-418)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ड्राइवर की जो ऑटोमैटिक कार चला सके, कम से कम 8-10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। स्थान मेट्रो हाईट्स, तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे:- 9755777774, मिलने का समय शाम 7 से 9 तक. (आरे-063)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, पैकिंग हेतु महिलाओ की, माल छोड़ने लड़कों की, घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्क करें:- बोरियाखुर्द रायपुर 9893115061. (आरे-839)

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - आदिवासी प्लॉटः न्यू धमतरी रोड हाईवे पर ग्राम- बिरेझर 265x230 फीट प्लाट डबल रोड प्लाट अतिशीघ्र बेचना है। संपर्क करें:- 88789-20002.(आरे-837)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तात्विक विश्लेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोत्ता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

राष्ट्रीय सम्राट
डॉ. जे.पी. दुबे
तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

RAIPUR SMART BUSINESS

GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क: शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर-1, जुबेस्टा हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

स्टाम्प ड्यूटी का मूल्यांकन ज़मीन के इस्तेमाल के आधार पर होगा न कि मास्टर प्लान में उसके वर्गीकरण के...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा कि मास्टर प्लान के तहत प्रॉपर्टी का वर्गीकरण स्टाम्प ड्यूटी की देनदारी तय करने के लिए निर्णायक नहीं है, क्योंकि मूल्यांकन करते समय प्रॉपर्टी का असल इस्तेमाल ही मुख्य बात होती है। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने स्टाम्प मूल्यांकन के मकसद से प्रॉपर्टी को कमर्शियल माना था, सिर्फ़ इसलिए कि मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी के अलावा, प्रॉपर्टी का इस्तेमाल बने हुए उत्पादों को बेचने के लिए भी किया जा रहा था। कोर्ट ने हाईकोर्ट की राय से असहमति जताते हुए कहा, बनी हुई चीज़ों को निश्चित रूप से बेचा जाना था। अगर उस जगह का इस्तेमाल ऐसी बिक्री के लिए भी किया जाता है, यहां तक कि रिटेल बिक्री के लिए भी, तो इससे यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि प्रॉपर्टी का इस्तेमाल कमर्शियल मकसद के लिए हो रहा है, न कि इंडस्ट्रियल मकसद के लिए।

रिहायशी रजिस्ट्री पर कमर्शियल गतिविधियां

यह मामला एक ऐसी प्रॉपर्टी से जुड़ा है, जो गिफ्ट डीड के तहत आती है और जिसे रिहायशी ज़मीन के तौर पर रजिस्टर किया गया। हालांकि, सब-रजिस्ट्रार ने निरीक्षण किया और पाया कि प्रॉपर्टी कमर्शियल है; उन्होंने देखा कि इसका इस्तेमाल 'सोढ़ी कारपेट्स' के नाम से शोरूम के तौर पर हो रहा है और आस-पास के इलाके में कई कमर्शियल प्रतिष्ठान चल रहे हैं।

कलेक्टर ने भी पाया फैक्ट्री चलाई जा रही

इसके बाद राजस्थान स्टाम्प एक्ट के तहत कलेक्टर ने प्रॉपर्टी का निरीक्षण किया और पाया कि उस जगह से मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी/फैक्ट्री चलाई जा रही है। राजस्थान टैक्स बोर्ड ने दोनों निरीक्षण रिपोर्ट और राज्य सरकार के संबंधित सर्कुलर पर विचार करने के बाद कलेक्टर की बात से सहमति जताई।

हाईकोर्ट ने एक जैसे निष्कर्षों को पलट दिया

हालांकि, हाईकोर्ट ने कानूनी अधिकारियों के एक जैसे निष्कर्षों को पलट दिया। उसने कहा कि किसी प्रॉपर्टी को इंडस्ट्रियल तभी माना जा सकता है, जब वह इंडस्ट्रियल इलाके में स्थित हो और वहां होने वाली गतिविधि पूरी तरह से मैन्युफैक्चरिंग हो। चूंकि उस जगह से बने हुए सामान भी बेचे जा रहे हैं, इसलिए हाईकोर्ट ने इसे कमर्शियल प्रॉपर्टी माना।



राज्य के तर्क को किया खारिज

हाईकोर्ट के फैसले से असंतुष्ट होकर सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की गई। इसमें तर्क दिया गया कि प्रॉपर्टी का इस्तेमाल इंडस्ट्रियल मकसद के लिए किया जा रहा है, क्योंकि इसे फैक्ट्रीज़ एक्ट, 1948 के तहत फैक्ट्री के तौर पर और डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रीज सेंटर, जयपुर के साथ इंडस्ट्री के तौर पर रजिस्टर किया गया। अपील मंज़ूरी देते हुए जस्टिस चंद्रन के फ़ैसले में राज्य के उस तर्क को खारिज कर दिया गया कि प्रॉपर्टी को इंडस्ट्रियल के बजाय कमर्शियल माना जाना चाहिए, सिर्फ़ इसलिए कि वह भौगोलिक रूप से किसी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित नहीं है।

जिस काम के लिए उपयोग वैसी ही कीमत : कोर्ट

कोर्ट ने कहा, सर्कुलर के अनुसार, डॉक्यूमेंट बनाते समय अगर ज़मीन का इस्तेमाल इंडस्ट्रियल काम के लिए किया जा रहा है, या वह आरआईआईसीओ इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है, या उसे इंडस्ट्रियल मकसद के लिए बदला गया तो उसकी कीमत इंडस्ट्रियल रेट पर तय की जाएगी। इसलिए हमारा निष्कर्ष यह है कि ज़मीन की कीमत उसके इस्तेमाल से तय होती है, न कि उसके क्लासिफ़िकेशन से, जैसा कि सरकारी वकील द्वारा पेश किए गए मास्टर प्लान में भी बताया गया। कोर्ट ने खास तौर पर राज्य सरकार के सर्कुलर की भाषा पर भरोसा किया, जो कोर्ट के अनुसार, इलाके के क्लासिफ़िकेशन के बजाय ज़मीन के इस्तेमाल पर ज़ोर देता था।

राज्य सरकार के सर्कुलर की अनदेखी की गई

कोर्ट ने कहा, हाईकोर्ट ने एक ऐसा टेस्ट तय करने में साफ़ तौर पर गलती की जो राज्य सरकार के उस सर्कुलर से नहीं निकलता है, जिसमें अलग-अलग प्रॉपर्टीज़ - खासकर इंडस्ट्रियल, रिहायशी और कमर्शियल प्रॉपर्टीज़ - की कीमत तय करने के नियम दिए गए। नतीजतन, अपील मंज़ूर कर ली गई और इस तरह कानूनी अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश बहाल कर दिए गए।

जैकेट के शेष

खुली जेल किसके ....

इन जेलों में कौन-से कैदी रह सकेंगे, किस तरह के अपराधियों के लिए यहां एंट्री नहीं हो पाएगी। इस संबंध में नियम बनाए गए हैं।

चित्रकूट में जल ...

रेस्क्यू में जुटी हैं। मध्य प्रदेश के सतना, चित्रकूट, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में बाढ़ जैसे हालात हैं। चित्रकूट के जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मुताबिक, नदी का जलस्तर 134.02 सेंटीमीटर पहुंच गया है, जबकि 2003 में 134 सेंटीमीटर का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। रामघाट में दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों में पानी भर गया है. मंदिरों और मठों में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। कई जगहों पर लोगों को निकालने के लिए सड़कों पर नावों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ लोग घरों और इमारतों की छतों पर शरण लेने को मजबूर हैं। रामघाट से हनुमानधारा के बीच का रास्ता भी बाढ़ से प्रभावित हुआ है।

ट्रेनें प्रभावित, उफान पर नदी नाले : मध्य प्रदेश के चितहरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर कई फीट पानी भर गया है। जलभराव के कारण 24 यात्री ट्रेनें और 20 मालगाड़ियां प्रभावित हुई हैं। बिहार के पटना में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। दीघा घाट पर गंगा, आधा किलोमीटर नजदीक आ गई है। यूपी के उन्नाव में गंगा का जलस्तर बढ़ने से पानी शहर के कई इलाकों में पहुंच गया है। सड़कों पर नावें चल रही हैं। उत्तराखंड नैनीताल के रामनगर में टेढ़ा रोड-पाटकोट मार्ग पर नाला अचानक उफान पर आ गया।

इन राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट : मौसम विभाग के अनुसार अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

बुजुर्ग ने रोका सीएम ....

पहुंचकर बाढ़ से हुए नुकसान को देखा। दरअसल, लगातार बारिश के बाद सेमरावल और मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने से चित्रकूट के कई इलाकों में पानी भर गया। नदी का पानी घरों और दुकानों तक पहुंच गया, जिससे लोगों का घरेलू सामान खराब हो गया। रविवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव खुद हालात देखने चित्रकूट पहुंचे और प्रभावित इलाकों में पैदल घूमकर लोगों से बातचीत की।

छत्तीसगढ़ में टूट ....

बरसात के कारण अधिकतम तापमान भी सामान्य से 6 डिग्री नीचे रहा। रेड अलर्ट के अलावा सोमवार को रायपुर, जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, गरियाबंद, दुर्ग और बेमेतरा जिले में भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार को मध्य तथा उत्तरी हिस्से के जिलों में आरेंज और यलो अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक चिन्हित निम्नदाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल के खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बंगाल-उत्तर उड़ीसा तट के ऊपर ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती घेरा के साथ विस्तारित है। यह उत्तर उड़ीसा गंगेटिक पश्चिम बंगाल की तरफ लगातार आगे बढ़ रहा है। इस सिस्टम के असर से राज्य के मध्य तथा उत्तरी इलाके में मानसून की सक्रियता अगले चार दिन तक बने रहने के आसार हैं। पिछले चौबीस घंटे से राज्य के मौसम में बदलाव नजर आ रहा है और वर्षा के दायरे और तीव्रता में भी बढ़ोतरी हुई है। राजधानी में शनि-रविवार की दरमियानी रात से रिमझिम बारिश का दौर जारी है और कई बार रुक-रुककर तेज वर्षा भी हो रही है।

इन इलाकों ....

में 9-9, जनकपुर भरतपुर, अंबिकापुर, मैसमा में 7-7, बलरामपुर में 6, करताल, कोटाडोल, सामरी, दरभा, गुंडरदेही, अर्जुंदा, बालोद, गुरुर, धमतरी में 5-5 सहित अनेक इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है।

बवाल के तीसरे दिन ....

रही। कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सिटी कोतवाली क्षेत्र में आज भी पुलिस बल तैनात रहा। 28 अगस्त की रात खपरगंज में बवाल के बाद देर रात दोनों पक्षों की एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस की अलग अलग टीम ने आरोपियों को पकड़ना शुरू कर दिया था। घटना की रात 2 व दूसरे दिन 7 लोगों को आरोपियों को पकड़ लिया गया था। 30 अगस्त को पुलिस ने सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने वासु नामदेव, छत्रपाल साहू,खपरगंज निवासी मो बक्स उर्फ जुनेद खान, मोहम्मद जाहिद खान, मौला बख्श, अब्दुल गफ्तार, अज्जू खन सोल्जर व एक अन्य को जेल भेजा है। हालांकि पुलिस अधिकारियों के द्वारा गिरफ्तार आरोपियों को नाम उजागर नहीं किया जा रहा है।

क्या था मामला : 28 अगस्त की रात यदुनंदननगर गौर कालोनी निवासी अक्षय सिंह अपने दोस्त के साथ राखी बंधवाकर खपरगंज की ओर से जा रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश में खपरगंज निवासी सोहेल खान उसे देखकर कमेंट कर अक्षय सिंह के दोस्त पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। पुलिस ने अक्षय सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर सोहेल खान, सोनू उर्फ सोल्ड, मौला, राजा, जरहा, साहिल, अज्जू, सरबाज, जुनैद सहित 50 से 60 के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 2, 115, 2, 190, 191, 3, 192, 296, 351, 3 व खपरगंज निवासी शेख सुल्तान की रिपोर्ट पर हमलावर राम सिंह, अक्षय सिंह, छत्रपाल सिंह, आरू उर्फ अन्न, करण सिंह, विनय पोर्ते, संतोष पटेल, संदीप शर्मा, राजू यादव, दीपक वर्मा, बिट्टू पाटनवार, वासु नामदेव सहित 50 से 60 लोगों के खिलाफ 109, 2, 115, 2, 190, 191, 3, 192, 324, 4, 296, 351, 3 के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था।

9 लोगों की गिरफ्तारी की गई है : दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक पक्ष से 6 व दूसरे पक्ष से 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की तीन चार टीम फरार आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई है। कुछ अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

-पंकज कुमार पटेल, एडीशनल एसपी सिटी

छावनी बना रहा ....

दो शिफ्टों में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। कोतवाली थाने में राजपत्रित अधिकारी बैठकर पूरी कार्रवाई का जायजा लेते रहे हैं।

यूक्रेन में घरों के बीच छिपे हथियार डिपो पर रूसी हमला: 37 की मौत, 130 घरों को नुकसान

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के पास शनिवार को एक हथियार डिपो पर ड्रोन हमला किया। हमले के बाद डिपो में रखे गोले, बारूदी सुरंगें और ड्रोन फटने लगे। धमाकों से आसपास के घरों और दूसरी इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना में कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है, जबकि 130 घरों को नुकसान पहुंचा है। देर रात हुए इस हमले के बाद शनिवार को भी घटनास्थल पर राहत और बचाव का काम जारी रहा। धमाकों में 42 लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हथियारों का यह भंडार रिहायशी इलाके के इतने करीब नहीं होना चाहिए था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने कीव के पश्चिम में स्थित मिला गांव में एक हथियार डिपो को निशाना बनाया था। रूस के मुताबिक, यहां एफपी-1 और -2 लंबी दूरी तक उड़ान भरने वाले ड्रोन के पुर्जे और उन्हें लॉन्च करने वाले बूस्टर रखे गए थे। धमाकों से गांव के करीब 130 घर तबाह हो गए। बाहरी दीवारों पर दरारें पड़ गई हैं और खिड़कियों के आसपास भी दरारें हैं।



यूक्रेन के पास पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों की कमी

रूस पिछले कई दिनों से कीव और आसपास के इलाकों पर लगातार ड्रोन हमले कर रहा है। इसके चलते यूक्रेन के पास पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों की भी भारी कमी है। ये बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में सक्षम उसकी प्रमुख एयर डिफेंस सिस्टम में शामिल हैं।

यूक्रेन में यह आशंका भी है कि लगातार ड्रोन हमलों का मकसद उसकी एयर डिफेंस यूनिट्स को कमजोर करना हो सकता है, ताकि रूस आगे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल हमला कर सके।

जेलेंस्की बोले- हथियार डिपो यहां नहीं होना चाहिए था

जेलेंस्की ने मिला गांव में हथियार रखने के फैसले को गलत बताया। उन्होंने कहा कि लोगों के घरों के इतने करीब विस्फोटक सामग्री नहीं रखी जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है। हम पता कर रहे हैं कि रिहायशी इमारतों के पास हथियार और विस्फोटक रखने की अनुमति देना कानूनी था या नहीं। जांच में उन अधिकारियों की भूमिका भी देखी जाएगी, जिन्होंने हथियारों की तैनाती और रख-रखाव से जुड़े फैसले लिए थे।

पीएम बोले- 5 साल बाद भी वही गलतियां दोहराई जा रही

यूक्रेन के प्रधानमंत्री सेरही कोरेत्स्की ने कहा पिछले महीने जुलाई में विश्नेवे में भी एक ऐसी घटना हुई थी। उस धमाके में नौ लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों लोग घायल हुए थे। इस घटना में 280 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा था। कोरेत्स्की ने कहा कि विश्नेवे की घटना से मिली सीख पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जंग के 5 साल हो जाने के बाद भी वही गलतियां बार-बार दोहराना आपराधिक लापरवाही है।

पेज एक के शेष

रेलवे ढूंढ रहा कमाई का जरिया...

इस योजना से खाली लौटने वाली मालगाड़ियों की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल होगा। वहीं व्यापारियों और उद्योगों को कम लागत में अपने उत्पाद एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। इससे रेलवे को भी अतिरिक्त माल यातायात मिलने की उम्मीद है। बता दें कि बड़ी संख्या में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में माल ढुलाई के बाद मालगाड़ियां खाली आती थीं, जिनकी संख्या में 100 से अधिक बताई जा रही हैं। अब नए फैसले से राजस्व में इजाफा होगा।

मलबे में दबी जिंदगियां, अपनों...

बहाव बाधित होने के कारण झील में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में अगर झील का प्राकृतिक बांध टूटता है तो तेज रफ्तार से पानी नीचे की ओर आने का खतरा है। संभावित खतरे को देखते हुए चीन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को अलर्ट किया है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और ड्रोन तथा सैटेलाइट के जरिए इलाके की निगरानी की जा रही है।

कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ...

जमकर मारपीट की थी। इस दौरान बीच बचाव करने आयी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। इस मामले में पुलिस ने साहिल साहू, सुनील साहू, अनिल चटर्जी उर्फ संजू, आयुष एवं अन्य के विरूद्ध बीएनएस की धारा 190, 191(2), 296, 351(3), 115(2), 333, 109 के तहत अपराध दर्ज किया। घटना में प्रयुक्त बुलेट वाहन जब्त किया गया है। मारपीट की घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

2.63 लाख ने दी नीट...

राजस्थान के जयपुर में दो परीक्षा केंद्रों की बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से परीक्षा पूरी नहीं हो सकी। प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए जयपुर में पांच सितंबर को अपराह्न तीन बजे दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि एनबीईएमएस ने परीक्षा केंद्रों पर जरूरी आधारभूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार तकनीकी साझेदार और एजेंसी के खिलाफ आगे की कार्रवाई तय करने के लिए एक तत्काल बैठक बुलाई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि जयपुर के सीतापुरा में मौजूद दो आईओएन डिजिटल जोन सेंटर पर परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी और तकनीकी साझेदार टीसीएस लिमिटेड की वजह से बिजली आपूर्ति में आई अंदरूनी समस्या के कारण 2,445 अभ्यर्थियों की परीक्षा पूरी नहीं हो सकी।

बिजली के निजीकरण ...

विषय में भी दुष्प्रचार कर जनता को गुमराह करने और गलतफहमी पैदा करने का प्रयास कर रही है। प्रदेशवासियों को ऐसे भ्रामक प्रचार से भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है।

नीट यूजी में जनरल...

अंक हासिल की, उसका पर्सेंटाइल 91.0329292 और ऑल इंडिया रैंक 1,78,177 था। उसके पास 3 अगस्त 2026 को जारी वैध ईडब्लूएस आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र भी था। याचिका में छात्रा ने बताया कि नीट यूजी परीक्षा के आवेदन के दौरान उसने गलती से सामान्य वर्ग का विकल्प चुन लिया था। बाद में छत्तीसगढ़ की राज्य स्तरीय मेडिकल काउंसिलिंग में ईडब्लूएस का लाभ लेने के लिए उसने आवेदन किया। लेकिन 7 अगस्त 2026 के नोटिस की धारा 3 के कारण पोर्टल पर श्रेणी बदलने का विकल्प उपलब्ध नहीं था। छात्रा ने तर्क दिया कि छत्तीसगढ़ मेडिकल डेंटल एवं फिजियोथेरेपी स्नातक प्रवेश नियम 2025 के नियम 7 आई, में राज्य काउंसिलिंग के दौरान श्रेणी संबंधी जानकारी दर्ज करने का प्रावधान है। उसने इसे आधार बनाते हुए सामान्य से ईडब्लूएस श्रेणी में बदलाव की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने 7 अगस्त 2026 के नोटिस की धारा 3 का परीक्षण करते हुए कहा कि दोनों में कोई विरोधाभास नहीं है। नियम में स्पष्ट है कि आनलाइन आवेदन के समय दर्ज की गई श्रेणी और अन्य जानकारी अपरिवर्तनीय होगी।

सब कुछ हासिल करने के...

इच्छा से विराम देते हुए आईएएस से त्यागपत्र दे दिया है। हालांकि, उन्होंने इस्तीफा देने के फैसले के पीछे कोई कारण नहीं बताया। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपने सफ़र को याद करते हुए मित्तल ने कहा कि वह एक साधारण माहौल में पली-बढ़ीं हैं और एक अच्छा तथा सफल जीवन जीने का सपना देखती थीं। उन्होंने आईआईटी दिल्ली और आईआईएम बेंगलुरु से पढ़ाई करने के बाद लंदन में नौकरी की, लेकिन आखिरकार भारत लौट आईं। उन्होंने लिखा, सब कुछ हासिल करने के बाद भी कुछ अधूरापन महसूस होता था। अपने देश में न होना खलता था। उन्होंने कहा कि उनकी पढ़ाई, आत्मविश्वास, दुनिया में कहीं भी सिर उठाकर चलने की ताक़त, सब इस मिट्टी का कर्ज था, जो उन्हें चुकाना था।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया नीट पीजी उत्तर कुंजी जारी करने का आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर आपने रविवार 30 अगस्त को नीट पीजी 2026 की परीक्षा दी थी, तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज जल्द ही इस परीक्षा की आधिकारिक उत्तर कुंजी जारी करने वाला है। इस परीक्षा में करीब 2.63 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे और वे सभी अपने प्रदर्शन को जानने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अनौपचारिक नीट पीजी उत्तर कुंजी उपलब्ध

आधिकारिक उत्तर कुंजी का इंतजार करते हुए छात्र अलग-अलग कोचिंग सेंटरों और विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई अनौपचारिक उत्तर कुंजी और मेमोरी-बेस्ड पेपर देख सकते हैं। हालांकि, यह बात याद रखनी जरूरी है कि आपके अंतिम नंबर के लिए सिर्फ एनबीईएमएस की तरफ से जारी आधिकारिक उत्तर कुंजी ही मान्य होगी। इस साल की परीक्षा में 180 मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन पूछे गए थे, जो पिछले साल के मुकाबले कम थे। हर सही जवाब के लिए 4 नंबर मिलेंगे, वहीं गलत जवाब देने पर एक नंबर काट लिया जाएगा।

मवेशियों चराने गए युवक को बाघ ने मार डाला

एजेंसी ▶▶ चंद्रपुर

महाराष्ट्र के चंद्रपुर में जंगल से एक ऐसी खबर आई है, जिसने पूरे इलाके में दहशत पैदा कर दी। 25 साल का विजय मेश्राम रोज की तरह मवेशी चराने जंगल गया था, लेकिन शनिवार दोपहर जंगल में उसका सामना एक बाघ से हो गया। बाघ ने विजय पर हमला कर दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना चंद्रपुर जिले के जुनोना इलाके की है. ये इलाका ताडोबा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में आता है। घटना 29 अगस्त की दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है। बाघ के हमले की खबर के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम के साथ पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।

चुनावी रंजिश पर पंजाब में आप नेता गुरप्रीत की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ ममदोट

पंजाब के ममदोट शहर में आप नेता गुरप्रीत सिंह गोपी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि हथियारबंद हमलावरों ने उनकी मोटरसाइकिल का पीछा किया और फिर फायरिंग की। सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस भूपिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि गुरप्रीत गोपी और हरप्रीत नाम का एक आदमी मोटरसाइकिल पर सवार थे, तभी कार में सवार हमलावरों ने उनका पीछा किया और फायरिंग कर दी। फायरिंग में गोपी की मौत हो गई।



एसएसपी ने कहा कि हमले के पीछे पुराना झगड़ा था। इसमें चुनाव से जुड़ा झगड़ा जांच में एक अहम एंगल बनकर सामने आ रहा है। ये हमला तब हुआ जब गोपी और हरप्रीत एक मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, जबकि उनके कुछ दोस्त एक अलग कार में उनके पीछे चल रहे थे। पुलिस ने कहा कि हमलावरों ने उस कार पर भी फायरिंग की। हमलावरों की पहचान हो गई है।

बॉयफ्रेंड ने पिलाई जहरीली कोल्ड ड्रिंक, प्रेमिका की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ मुंबई।

मुंबई के चेंबूर इलाके में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 19 साल की विष्णुमाया की जान चली गई। बताया जा रहा है कि झगड़े के बाद उसके बॉयफ्रेंड आशीष मगर ने उसे जहरीली कोल्ड ड्रिंक पिला दी थी। पुलिस के मुताबिक, आशीष ने झगड़े के बाद मामला शांत होने पर कोल्ड ड्रिंक में जहरीली गोलियां मिलाईं और फिर विष्णुमाया को पीने के लिए दिया। झगड़े के बाद आशीर्ष ने ड्रिंक में जहर दिया

पोस्टमॉर्टम में जहर की पुष्टि, आरोपी गिरफ्तार

शुरुआत में पुलिस को यह महज एक हादसा लगा था, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि विष्णुमाया को जहर दिया गया था। मौत से पहले विष्णुमाया ने अपने परिवार को बताया था कि आशीष मगर द्वारा दी गई ड्रिंक पीने के तुरंत बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इस बयान के बाद आशीष मगर पर पुलिस का शक और गहरा गया। पुलिस ने आशीष को गिरफ्तार कर लिया है और वह अभी हिरासत में है।

राशिफल

मेष — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


धनु — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

शब्द पहेली - 6333



बाएँ से दाए-
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

ऊपर से नीचे
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -6332 का हल

आ	ला	क	मा	न			क	मी	ज
रा	ल		न		श	प	थ		मा	मा
म			ध	नि	क		न			लि
दे	ह	दा	न			अ		ल	ल	क
ह		खि		बे	शु	मा	र		ह	
	सा	ल		ल		न		सु	र	
	हि		ब	गा	व	त		र		हा
ज	ल	न		म			अ	भि	मा	नि
ग			चु		रा	ज	न			का
त	र		ना	ह	क		ब		चा	र
	ब	हा	व			म	न	मो	ह	क

सूडोकु नवताल - 6343

सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6342 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

खबर संक्षेप



एस्टर की इकाई ने खरीदी एसटीएस में हिस्सेदारी

नई दिल्ली। एस्टर डीएम क्वालिटी केयर लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी केमिस्ट्री इंटरमीडिएट होल्डिंग्स लि. ने बांग्लादेश में पंजीकृत कंपनी एसटीएस होल्डिंग्स लिमिटेड में 14.21 प्रतिशत हिस्सेदारी 4.411 करोड़ डॉलर में खरीदी है। एस्टर डीएम क्वालिटी केयर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह अधिग्रहण 29 नवंबर, 2024 को किए गए विलय रूपरेखा संबंधी समझौते के अनुरूप है। केमिस्ट्री इंटरमीडिएट होल्डिंग्स लिमिटेड मॉरीशस में पंजीकृत कंपनी है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की हैदराबाद पीठ ने 19 जून, 2026 को मंजूरी दी थी।

डिजिटल उर्वरक निगरानी प्रणाली का जल्द विस्तार



नई दिल्ली। सरकार ने रविवार को कहा कि वह उत्पादन से लेकर खुदरा बिक्री तक उर्वरकों की निगरानी करने वाले देशव्यापी डिजिटल मंच का विस्तार कर रही है। इसके तहत उर्वरकों की खरीद को व्यक्तिगत किसानों के भूमि रिकॉर्ड से जोड़ने और सब्सिडी भुगतान की अधिक करीबी निगरानी के लिए नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। उर्वरक विभाग द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की तकनीकी मदद से संचालित एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) में 14 करोड़ से अधिक आधार से जुड़े खरीदार और 2.5 लाख से अधिक खुदरा विक्रेता पहले ही दर्ज हैं। यह प्रणाली हर साल करीब सात करोड़ टन उर्वरक की बिक्री का प्रसंस्करण करती है।

इंडियन बैंक 100 शाखाओं के साथ ढाई हजार कर्मियों की करेगा भर्ती

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

सार्वजनिक क्षेत्र का इंडियन बैंक चालू वित्त वर्ष में करीब 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बना रहा है। बैंक का मुख्य ध्यान देश के मध्य और पश्चिमी हिस्सों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर है। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिनोद कुमार ने कहा कि बढ़ते कारोबार को संभालने और सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की जगह भरने के लिए बैंक करीब 2,500 कर्मचारियों की भर्ती करेगा। इनमें विशेषज्ञ अधिकारी भी शामिल होंगे। कुमार ने कहा, ''पिछले साल हमने 100 शाखाएं खोली थीं। इस साल भी हमारी ऐसी ही योजना है। 15 अगस्त को स्थापना दिवस के अवसर पर ही बैंक ने देशभर में 15 शाखाओं का उद्घाटन किया।'' इंडियन बैंक की 30 जून, 2026 तक देश में 6,003 शाखाएं थीं।

बैंक में कुल 41,875 कर्मचारी कार्यरत

भर्ती के बारे में उन्होंने कहा कि बैंक चालू वित्त वर्ष में अपने कर्मचारियों की संख्या में करीब 2,500 की बढ़ोतरी करेगा। 30 जून, 2026 को बैंक में कुल 41,875 कर्मचारी थे। परिसंपत्ति की गुणवत्ता के प्रबंधन के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा कि बैंक इसे काफी अच्छी तरह संभाल रहा है।

इंडियन बैंक ने पिछले साल भी बैंक की 100 नई शाखाएं खोली थी

इलाहाबाद बैंक का 2020 में इंडियन बैंक में हुआ था विलय

विदेश में सिंगापुर, कोलंबो और जाफना में तीन शाखाएं तथा गांधीनगर में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) बैंकिंग इकाई थी। इलाहाबाद बैंक के 2020 में इंडियन बैंक में विलय के बाद बैंक ने पूर्वी क्षेत्र और उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। कुमार ने कहा, ''अब हम देश के मध्य और पश्चिमी हिस्सों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।''

एआरसी को बेचने की योजना

बैंक का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के अंत तक सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को कुल कर्ज के 1.5-1.6 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए को 0.15-0.2 प्रतिशत तक लाने का है। उन्होंने कहा कि बैंक चालू वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपये के फंसे कर्ज को परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी) को बेचने की भी योजना बना रहा है।

ऊर्जा विश्लेषक कंपनी वॉर्टेक्सा ने जारी की रिपोर्ट

रूस को पेट्रोल भेजने वाला प्रमुख देश बना भारत, रिफाइनरी पर हमलों से बाधित हुई आपूर्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूक्रेन के ड्रोन हमलों के कारण रूस की रिफाइनरी में ईंधन उत्पादन प्रभावित होने के बीच भारत, रूस को पेट्रोल की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में शामिल हो गया है। जहाज निगरानी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। ऊर्जा विश्लेषक कंपनी वॉर्टेक्सा के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में रूस का समुद्री रास्ते से पेट्रोल आयात करीब 1,25,000 बैरल प्रतिदिन के रिकॉर्ड पर पहुंच गया। यह पूरे माह के लिए लगभग 4.7 लाख टन के बराबर है।

■ यूक्रेन के ड्रोन हमलों से रूस की रिफाइनरी प्रभावित

रूस की रिफाइनरी पर लगातार हो रहे ड्रोन हमलों से घरेलू ईंधन उत्पादन में भारी गिरावट आई है। व्यापार सूत्रों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरी इकाइयों ने पिछले दो माह में रूस को करीब 10 लाख बैरल पेट्रोल की आपूर्ति की है। इसमें मुख्य भूमिका गुजरात स्थित वाडिनार रिफाइनरी की रही है, जिसका संचालन नयारा एनर्जी करती है।



रूसी रिफाइनरी पर करीब 32 हमले

इस बीच, रूस के डीजल निर्यात पर भी भारी असर पड़ा है। वॉर्टेक्सा के अनुसार, 25 अगस्त तक अगस्त में रूस का समुद्री डीजल/गैसऑयल निर्यात करीब 1.5 लाख बैरल प्रतिदिन रहा है। मासिक आधार पर यह स्थिर रहा है, लेकिन एक साल पहले की समान अवधि के आंकड़े 6.10 लाख बैरल प्रतिदिन से काफी कम है। साथ ही यह पांच साल के औसत स्तर से 81 प्रतिशत कम हैं वॉर्टेक्सा के अनुसार, जुलाई और अगस्त में रूसी की रिफाइनरी पर करीब 32 हमले हुए हैं।

भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीदी बढ़ाई

नयारा एनर्जी में रूस की सरकारी पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने रूसी कच्चे तेल की खरीद में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। जून और जुलाई में भारत ने प्रतिदिन 26 लाख बैरल से अधिक रूसी कच्चा तेल आयात किया, जो फरवरी में करीब 10 लाख बैरल प्रतिदिन था। यह भारत के कुल कच्चे तेल आयात का आधे से अधिक हिस्सा रहा।

रूस से आए कच्चे तेल को भारत पेट्रोल के रूप में वापस भेज रहा

ऐसी संभावना है कि रूस को निर्यात किया गया कुछ पेट्रोल भी रूसी कच्चे तेल से ही भारत में तैयार किया गया हो। इस तरह रूस से भारत आने वाला कच्चा तेल शोधन के बाद पेट्रोल के रूप में वापस रूस पहुंच रहा है। रूस दुनिया के बड़े कच्चे तेल निर्यातकों में शामिल है, लेकिन यूक्रेन के ड्रोन हमलों के कारण उसकी रिफाइनिंग क्षमता को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

रूस के घरेलू पेट्रोल उत्पादन में 70 फीसदी गिरावट

घरेलू पेट्रोल उत्पादन में 70 प्रतिशत तक की गिरावट के चलते रूस को अब इसका आयात करना पड़ रहा है। इसके साथ ही देश में ईंधन बिक्री पर भी अंकुश जारी हैं। वॉर्टेक्सा के अनुसार, अगस्त में रूस को पेट्रोल की आपूर्ति करने वाले देशों में भारत, तुर्किये और मोरक्को शामिल रहे।

रूस ने पेट्रोल के निर्यात पर प्रतिबंध बढ़ाया

रूस ने जुलाई में पेट्रोल के निर्यात पर लागू पूर्ण प्रतिबंध को उत्पादकों और गैर-उत्पादकों दोनों के लिए जनवरी, 2027 के अंत तक बढ़ा दिया था। डीजल के निर्यात पर प्रतिबंध एक सितंबर, 2026 तक बढ़ाया गया है। रूस के अगस्त के पेट्रोल आयात में करीब 55 प्रतिशत, यानी लगभग 2.6 लाख टन, ऐसा माल था जिसे प्रतिबंधित जहाजों के जरिये पहुंचाया गया।

पेट्रोल एसटीएस के जरिए रूस पहुंचा


वॉर्टेक्सा के मुताबिक, अगस्त में भारत से रूस पहुंचने वाले पेट्रोल के सभी कार्गो प्रतिबंधित बेड़े के जहाजों पर लाए गए और भूमध्यसागर में जहाज-से-जहाज (एसटीएस) हस्तांतरण के जरिये रूस पहुंचे। रूस के अगस्त में कुल पेट्रोल आयात का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा जहाज-से-जहाज हस्तांतरण के जरिये पहुंचा। इनमें अधिकांश हस्तांतरण के दौरान जहाजों ने अपना स्वचालित पहचान तंत्र (एआईएस) बंद रखा।

खाड़ी युद्ध के तनाव से सराफा में उतार-चढ़ाव के आसार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों और भू-राजनीतिक तनाव के बीच सर्राफा कारोबारी सितंबर माह में उतार-चढ़ाव के एक और दौर के लिए तैयार हैं। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशक भारत सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। बीते सप्ताह सोने की कीमतों से 6,000 रुपये से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''आने वाला सप्ताह अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरा रहने की संभावना है, क्योंकि बाजार भागीदार सितंबर में फेडरल रिजर्व की नीति में बदलाव की संभावना को भुनाने का प्रयास कर रहे हैं।''

■ अमेरिकी रोजगार के आंकड़े भी बाजार को करेंगे प्रभावित



मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलिवरी वाला सोना वायदा पिछले सप्ताह 6,157 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत गिरकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि सितंबर अनुबंध वाली चांदी 9,893 रुपये यानी चार प्रतिशत टूटकर 2.36 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। त्रिवेदी ने कहा, ''एमसीएक्स सोने में पिछले सप्ताह तेज गिरावट देखी गई, जो लगभग 1.63 लाख रुपये से गिरकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसके चलते सप्ताह के ऊपरी स्तर से लगभग 6,000 रुपये से अधिक की गिरावट आई।''

वॉर्श के भाषण ने दिया मुनाफावसूली को बढ़ावा

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श के भाषण के बाद शुक्रवार को बिकवाली का दबाव तेज हो गया, जिसमें मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति पर उनकी टिप्पणियों ने सर्राफा बाजारों में मुनाफावसूली को बढ़ावा दिया।

वायदा बाजार में दोनों धातुओं में गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स पर दिसंबर डिलिवरी वाला सोना वायदा 150.7 डॉलर यानी 3.2 प्रतिशत गिरकर 4,680.6 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। चांदी वायदा 2.56 डॉलर या 3.64 प्रतिशत गिरकर 67.78 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। मेर ने कहा कि नए महीने में प्रवेश करते हुए बाजार अमेरिकी श्रम-बाजार संकेतकों पर बारीकी से नजर रखेगा।

बिजनेस साइट

एक पेड़ मां के नाम : अशोका पाम मीडोज में लगाए गए 5 हजार पौधे

रायपुर। डूंडा स्थित आरती ग्रुप के अशोका पाम मीडोज में आयोजित प्रॉपर्टी फेस्ट के दौरान रविवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष पहल की गई। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत यहां वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुल 5 हजार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अशोका पाम मीडोज के रहवासियों और प्रॉपर्टी फेस्ट में पहुंचे लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। लोगों ने अपनी मां के नाम पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पर्यटन, संस्कृति, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और अनुज शर्मा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस दौरान नंदे साहू, नंदन जैन, रमेश ठाकुर, डॉ. सलीम राज, उमाशंकर व्यास, गौरीशंकर अग्रवाल, अमर परवानी, सुभाष राव, अशोक पाण्डेय, शांतिलाल बरडिया, संजय जैन, राजीव अग्रवाल, मनीष मंडल और छगन मुंदड़ा सहित अन्य लोगों ने भी पौधारोपण कर अभियान में सहभागिता की।



मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि और रहवासी हुए शामिल

प्रॉपर्टी फेस्ट को मिल रहा अच्छा रिस्पॉन्स: आरती ग्रुप के डायरेक्टर ऋभुराज अग्रवाल ने बताया कि अशोका पाम मीडोज के प्रॉपर्टी फेस्ट को लोगों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। प्रोजेक्ट में 3-बीएचके रेडी-टू-मूव अपार्टमेंट्स के साथ आकर्षक भुगतान सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत भुगतान पर तत्काल चाबी और शेष राशि के भुगतान के लिए 18 महीने तक नो-पेमेंट का विकल्प दिया जा रहा है। इसके अलावा पहली 100 बुकिंग के लिए लकी ड्रॉ भी रखा गया है।

नवजात की आंखों के बैक्टीरियल इंफेक्शन का इट्सा में सफल इलाज

रायपुर। 25 दिन के एक नवजात शिशु की आंखों में हुए गंभीर बैक्टीरियल इन्फेक्शन का इट्सा हॉस्पिटल्स में सफल उपचार किया गया। बच्चे को दोनों आंखों से पस आने के साथ खून मिला हुआ डिस्चार्ज भी हो रहा था। जांच के बाद डॉक्टरों ने इन्फेक्शन के कारण का पता लगाया और आवश्यक उपचार शुरू किया। नवजात का उपचार डॉ. सचिन पिटलावर, सीनियर कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट एवं बाल रोग विशेषज्ञ, तथा डॉ. वंदना पंजवानी, कंसल्टेंट ऑप्थल्मोलॉजिस्ट की देखरेख में किया गया। नियोनेटोलॉजी टीम में डॉ. अर्चना राय और डॉ. श्रेयांश वल्जियानी, कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट शामिल रहे। जानकारी के अनुसार, बच्चे को कुछ दिनों से सर्दी-जुकाम और खांसी की समस्या थी। इसके बाद उसकी दोनों आंखों से पस निकलने लगी। अस्पताल आने से एक दिन पहले आंखों से खून मिला हुआ डिस्चार्ज भी दिखाई दिया। इसके बाद परिवार बच्चे को जांच और उपचार के लिए इट्सा हॉस्पिटल्स लेकर पहुंचा। आंखों की जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्चे में एक्यूट बैक्टीरियल कंजंक्टिवाइटिस, जिसे ऑपथैल्मिया नियोनेटोरम भी कहा जाता है, की पहचान की। यह नवजात शिशुओं की आंखों में होने वाला बैक्टीरियल इन्फेक्शन है। इलाज के दौरान बच्चे को एंटीबायोटिक आई ड्रॉप्स दी गईं और दोनों आंखों की नियमित सफाई की गई। डॉक्टरों ने आई मसाज की भी सलाह दी, जिससे बंद आंसू नलिकाओं से आंसुओं की निकासी में मदद मिल सके। इलाज के बाद बच्चे को स्थिर स्थिति में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



दोनों आंखों से पस और खून मिला डिस्चार्ज हो रहा था

पूंजीकरण में एयरटेल और रिलायंस को भारी नुकसान

नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले सप्ताह जारी गिरावट के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,13,000 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 276.32 अंक यानी 0.35 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 76.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 40,500.85 करोड़ रुपये घटकर 11,74,462.30 करोड़ रुपये रह गया।

HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका
सिरप, कैप्सूल व जॉयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विमेंस एशिया कप: शेफाली का अर्धशतक, दीप्ति-नंदनी का प्रहार, भारत का जोरदार आगाज

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64 रन) के आक्रामक अर्धशतक के बाद बाएं हाथ की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा (7 गेंद में बिना रन दिए 3 विकेट) और मध्यम गति की गेंदबाज नंदनी शर्मा (18 रन देकर 3 विकेट) के शानदार प्रदर्शन से रविवार को महिला टी20 एशिया कप ग्रुप ए मैच में थाईलैंड को 94 रन से हराकर अपने अभियान का आगाज किया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने शेफाली के 19वें टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक (26 गेंद में 6 चौके और 3 छक्के) से 9 विकेट पर 159 रन का स्कोर खड़ा किया। लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने थाईलैंड की टीम 16.1 ओवर में महज 65 रन पर सिमट गई। थाईलैंड के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज नानापत कोंचारोएंकई (41 रन) एकमात्र खिलाड़ी रहीं, जो दोहरे अंक तक पहुंची।

श्रीचरणी ने 3 ओवर में 10 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए। क्रांति गौड़ ने 4 ओवर में 26 रन देकर थाईलैंड की पारी का पहला विकेट झटका।इससे पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद थाईलैंड की स्पिनरों ने सुलीपोर्ण लाओमी की अगुआई में भारत को बड़े स्कोर से वंचित कर दिया। भारत के लिए पदार्पण करने वाली प्रतिका रावल ने 22 रन और स्मृति मंधाना ने 19 रन का योगदान दिया।

सर्वाधिक रन बनाने वाली 'नंबर-2' बल्लेबाज बनीं स्मृति

स्मृति मंधाना विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में सूजी बेट्स को पछाड़कर दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने थाईलैंड के खिलाफ विमेंस एशिया कप के तीसरे मुकाबले में 10 गेंदों का सामना करते हुए 19 रन बनाए। उनकी इस पारी में 4 चौके शामिल रहे। इसी के साथ मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,756 रन बना लिए। मंधाना टेस्ट मुकाबलों में 788 रन बना चुकी हैं, जबकि वनडे फॉर्मेट में उनके नाम 5411 रन दर्ज हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने 4557 रन जुटाए हैं।

भारत ने थाईलैंड को 94 रन से हराया | दीप्ति ने बिना रन दिए झटके 3 विकेट | थाईलैंड की टीम महज 65 रन पर सिमटी



टीम इंडिया ने रचा इतिहास

भारत ने 'विमेंस एशिया कप में थाईलैंड के विरुद्ध इतिहास रच दिया। भारत विमेंस टी20 एशिया कप के शुरुआती 6 ओवरों में 60 रनों का आंकड़ा छूने वाला पहला देश बन गया है। भारत ने थाईलैंड के विरुद्ध शुरुआती 6 ओवरों के खेल में 1 विकेट खोकर 65 रन बनाए। इसी के साथ उसने अपने पिछले रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। टीम इंडिया ने साल 2022 में बांग्लादेश के विरुद्ध विमेंस एशिया कप के मुकाबल में पावरप्ले के खेल तक बगैर कोई विकेट गंवाए 59 रन बनाए थे।

दीप्ति के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि

विमेंस एशिया कप के तीसरे मैच में भारतीय टीम का सामना थाईलैंड से हो रहा है। दीप्ति शर्मा ने इस मुकाबले में मैदान पर उतरने के साथ ही बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। दीप्ति अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का 150वां मैच खेल रही हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली महज तीसरी भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। उनसे पहले यह मुकाम हरमनप्रीत कौर (202 मैच) और स्मृति मंधाना (171 मैच) ही हासिल कर सकी हैं। दीप्ति 150 टी20 मैच खेलने वाली दुनिया की 12वीं महिला क्रिकेटर हैं।

खबर संक्षेप

सिपुत्रा गोल्फप्रेन्योर टूर्नामेंट : संयुक्त 19वें स्थान पर गिल



जकार्ता। भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने 'एशियन डेवलपमेंट टूर (एडीटी)' के 'सिपुत्रा गोल्फप्रेन्योर टूर्नामेंट' में संयुक्त 19वें स्थान पर रहते हुए 2027 के एशियाई टूर कार्ड हासिल करने की अपनी उम्मीद मजबूत कर ली है। आईजीपीएल (इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग) टूर के ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता गिल अब एडीटी 'ऑर्डर ऑफ मेरिट (सत्र की समग्र तालिका)' में नौवें स्थान पर हैं। सत्र में अब केवल एक टूर्नामेंट बाकी है और शीर्ष 10 खिलाड़ियों को अगले साल के एशियाई टूर के कार्ड मिलेंगे। गिल ने चौथे दौर में 69 का कार्ड खेला किया और कुल 15 अंडर पार के स्कोर के साथ टूर्नामेंट खत्म किया। उन्होंने इससे पहले तीन दौर में 70, 66 और 68 का स्कोर किया था।

आयरिश ओपन : 15वें स्थान पर खिसकी प्रणवी



किल्डारे। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स आयरिश ओपन के तीसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बावजूद संयुक्त 15वें स्थान पर खिसक गईं। मैसूर की इस खिलाड़ी ने अब तक तीनों दौर में पार से कम का स्कोर बनाया है। उनका कुल स्कोर सात अंडर है और एक दौर का खेल बाकी है। प्रणवी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली चार भारतीय खिलाड़ियों में कट में जगह बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने दूसरे और तीसरे होल में लगातार बर्डी के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन अगले दो होल में दोनों शॉट गंवा दिए। इसके बाद उन्होंने सातवें और 10वें होल में बर्डी लगाई और आखिरी आठ होल में लगातार पार स्कोर करते हुए अपना दौर 70 पर समाप्त किया। इससे पहले दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक और अवनि प्रशांत कट में जगह बनाने में नाकाम रही थीं।

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल: पहले दिन गिरे 12 विकेट

रोमांचक हुआ साउथ-नॉर्थ जोन का मुकाबला



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

साउथ जोन और नॉर्थ जोन के बीच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-2 में जारी दलीप ट्रॉफी 2026 के सेमीफाइनल-2 पहले ही दिन काफी रोमांचक बन गया है। नॉर्थ जोन को सिर्फ 195 के स्कोर पर समेटने के बाद साउथ जोन ने स्टंप्स तक 2 विकेट खोकर सिर्फ 40 रन बनाए हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नॉर्थ जोन पहली पारी में सिर्फ 195 रन पर सिमट गई। सनथ सांगवान ने कामरान इकबाल के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ 18 रन जुटाए। सनथ 10 रन बनाकर आउट हुए। पहले दिन मैच में दोनों टीमों के 12 विकेट गिरे।

■ नॉर्थ जोन की पहली पारी सिर्फ 195 रन पर सिमटी

कामरान ने खेली 76 रन की पारी

इसके बाद कामरान ने आयुष दोसेजा के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 गेंदों में 53 रन जोड़े। आयुष 5 चौकों के साथ 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। टीम को 71 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा, जिसके बाद 95 रन तक 4 विकेट गिर गए। हालांकि, कामरान ने खूंटा जमाए रखा। कामरान ने कप्तान कन्हैया वधावन के साथ पांचवें विकेट के लिए 66 रन जोड़कर टीम को संकट से निकालने की कोशिश की। बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे कामरान ने 10 चौकों और 1 छक्के के साथ 76 रन की पारी खेली, जबकि अब्दुल समद ने 16 रन और कन्हैया ने 35 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से विद्वथ कावेरप्पा ने 66 रन देकर 4 विकेट निकाले, जबकि एमडी निधीश और तनय त्यागराजन ने 2-2 विकेट हासिल किए।

266 रनों पर सिमटी सेंट्रल जोन की पहली पारी

दलीप ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बीच में बीसीसीआई सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंस के मैदान पर खेला जा रहा है। पहली पारी में सेंट्रल जोन की पूरी टीम 266 रन बनाकर ऑलआउट हुई। सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन ने जीता और सेंट्रल जोन को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। सेंट्रल जोन की शुरुआत अच्छी नहीं रही और अनमोल मोखड़े सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कुनाल चंदेला भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे।



रिंकू ने खेली अर्धशतकीय पारी

हर्ष 38 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, रिंकू ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। रिंकू ने 88 गेंदों का सामना करते हुए 60 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके लगाए। भारतीय टीम की ओर से हाल ही में अपना टेस्ट डेब्यू करने सारांश जैन सिर्फ 13 रन ही बना पाए। आर्यन पांडे ने 22 रन बनाए, जबकि यश ठाकुर 26 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 30 रन बनाकर नाबाद रहे। ईस्ट जोन की ओर से गेंदबाजी में मुकेश कुमार और अभिजीत सरकार ने तीन-तीन विकेट चटकाए। वहीं, मोहम्मद शमी ने 2 विकेट निकाले।

वैभव को बीच मैच में मिली कप्तानी

पहली बार है जब वैभव सूर्यवंशी किसी सीनियर मेंस क्रिकेट टीम की कप्तानी कर रहे हैं। 15 साल के वैभव अपने करियर का सिर्फ दूसरा दलीप ट्रॉफी मैच और कुल 10वां फर्स्ट-क्लास मैच है। ईशान किशन को 19वें ओवर में चोट लगी। ईशान इस मैच में विकेटकीपिंग कर रहे थे, तभी गेंद उनकी दाहिनी कलाई पर लग गई। जिसके बाद कुमार कुशाग्र ने विकेटकीपिंग संभाली। ईशान के बाहर जाते ही 19वें ओवर में 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने ईस्ट जोन की कमान संभाली और मैच में कप्तानी करने लगे।

चेल्सी के लिए खेलेंगे अर्जेंटीना के स्टार गोलकीपर मार्टिनेज



एजेंसी ▶▶ लंदन

चेल्सी ने अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को टीम में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा की है। इंग्लैंड के इस क्लब ने बताया कि 2022 में विश्व कप जीतने वाले 33 वर्षीय मार्टिनेज ने तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं और वह एस्टन विला से चेल्सी में शामिल हुए हैं।

■ मार्टिनेज ने 3 साल के लिए किया अनुबंध पर हस्ताक्षर

मार्टिनेज ने कहा, 'मेरे और मेरे परिवार के लिए चेल्सी आना आसान फैसला था और मैं बेहद खुश हूं। मुझे शुरुआत करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं यहां सफल होना चाहता हूं। मैं जो भी करता हूं उसमें जीतना चाहता हूं और यही सोच इस फुटबॉल क्लब में भी लाना चाहता हूं क्योंकि यह खिताब जीतने वाला क्लब है।

मार्टिनेज ने अर्जेंटीना के खेल 67 मैच

मार्टिनेज 2021 से अर्जेंटीना के नियमित शुरुआती गोलकीपर हैं और अब तक देश के लिए 67 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने अर्जेंटीना को 2021 और 2024 में कोपा अमेरिका खिताब दिलाने में मदद की तथा इस साल विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। मार्टिनेज ने 2023 और 2024 के बेलोन डिओर समारोह में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर को दी जाने वाले याशिन ट्रॉफी जीती।

इंग्लैंड के सामने पाक पस्त, सीरीज पर कब्जा

एजेंसी ▶▶ लंदन

लॉर्डस में इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को 194 रन से हराया

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान को 194 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने दिसंबर 2024 के बाद अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की जबकि श्रृंखला में अभी एक मैच बाकी है।

पाकिस्तान की टीम 389 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए चाय के लगभग 45 मिनट बाद 194 रन पर ऑलआउट हो गई। सऊद शकील ने श्रृंखला में पाकिस्तान की ओर से मजबूत प्रदर्शन किया, लेकिन वह 97 रन के स्कोर पर बाउंड्री के पास कैच आउट हो गए। यह श्रृंखला में किसी भी टीम के बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर रहा।

रॉबिन्सन ने चटकाए 8 विकेट

इंग्लैंड को केवल 18 विकेट लेने पड़े क्योंकि पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक पहले दिन बाएं पैर की पिंडली में चोट लगने के बाद दोबारा बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने मैच में कुल 8 विकेट लिए। उन्होंने रविवार को 24 रन देकर 4 विकेट चटकाए और पूरे मैच में 35 रन देकर 8 विकेट हासिल किए। अब श्रृंखला का तीसरा और आखिरी टेस्ट 9 सितंबर से बर्मिंघम में शुरू होगा।



200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी पाक टीम


इस श्रृंखला में पाकिस्तान की बल्लेबाजी में संघर्ष साफ दिखाई दिया है। टीम अब तक एक पारी में 200 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी है। ऐसे में रॉबिन्सन और जोफ्रा आर्चर के खिलाफ शकील का शानदार संघर्ष मुख्य आकर्षण रहा। शकील और कप्तान शान मसूद ने तीन विकेट पर 14 रन के स्कोर से 97 रन की साझेदारी की और करीब चार घंटे तक इंग्लैंड के गेंदबाजों को परेशान किया।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए रबाडा

जोहान्सबर्ग। साउथ अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट (ग्रेड-3 टियर) लगी है। 31 वर्षीय रबाडा को अब करीब दो महीने तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ सकता है।

इस चोट की वजह से उनका फिटनेस और ट्रेनिंग कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ है, जो टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। रबाडा की घरेलू टीम 'लायंस' के गेंदबाजी कोच साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने कहा कि मेडिकल जांच के बाद उन्हें इस हाई-प्रोफाइल सीरीज से पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। पहले उम्मीद थी कि वह 10 सितंबर से बोलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले शुरुआती चार-दिवसीय घरेलू मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

'हॉल ऑफ फेम' में शामिल फेडरर, भाषण के दौरान हुए भावुक



एजेंसी ▶▶ न्यूपोर्ट

महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर इंटरनेशनल टेनिस 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किए जाने के दौरान भावुक हो गए। बीस ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले फेडरर अपने करीब 30 मिनट के भाषण के दौरान कई बार रो पड़े।

पत्नी मिर्का का जिक्र करते हुए तो उनके आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे थे। मिर्का के स्वागत-परिचय भाषण के बाद फेडरर को मंच पर बुलाया गया। उन्होंने मजाक करते हुए कहा कि उन्हें इस समय रूमाल और धूप के चश्मे की जरूरत है, लेकिन आंसुओं को रोकना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। पैंतालिस वर्षीय फेडरर ने मंच पर आते ही कहा, 'यह बहुत ऊंचे स्तर का है और इसके बाद बोलना आसान नहीं होगा।' इसके बाद उन्होंने मजाकिया अंदाज में पत्नी मिर्का से कहा, 'पता नहीं, आपने चुपके से इसकी तैयारी तो नहीं की थी?'

खेल की समृद्ध विरासत का हिस्सा

फेडरर ने कहा, 'टेनिस के इतिहास में खुद को इस स्थान पर देखना मेरे लिए बेहद खास है। इस खेल की समृद्ध विरासत का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।'

लगातार 237 सप्ताह तक रहे नंबर एक खिलाड़ी

फेडरर ने इस दौरान अपने बचपन के आदर्श स्टीफन एडबर्ग और लंबे समय तक उनके कोच रहे सेवेरिन लुथी को याद किया। 'स्विस मैस्ट्रो' के नाम से मशहूर फेडरर ने अपने शानदार करियर में आठ विंबलडन, छह ऑस्ट्रेलियन ओपन और एक फ्रेंच ओपन खिताब जीता। वह लगातार 237 सप्ताह तक एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रहे। वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले केवल आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने 2004 से 2008 तक लगातार पांच यूएस ओपन खिताब जीते और 10 लगातार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे, जिनमें से आठ में उन्होंने जीत हासिल की। फेडरर 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल होने वाले 272वें सदस्य बने।

यूएस ओपन : नाओने के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे नोवाक

रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम पर 39 वर्षीय जोकोविच की नजर


एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

नोवाक जोकोविच को किसी टूर्नामेंट में जल्दी बाहर होना भले ही पसंद नहीं हो, लेकिन इस बार वह सिनसिनाटी ओपन में शुरुआती हार को सकारात्मक रूप में देख रहे हैं।

इस 39 वर्षीय दिग्गज ने कहा कि सिनसिनाटी में पहले ही दौर में बाहर होने से उन्हें यूएस ओपन की तैयारी के लिए करीब दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मिला। चौबीस ग्रैंड स्लैम खिताब के रिकॉर्डधारी जोकोविच आर्थर ऐश स्टेडियम में 48वीं रैंकिंग वाले मारियानो नाओने के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। चौथी वरीयता प्राप्त जोकोविच की नजर रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम और पांचवें यूएस ओपन खिताब पर है।

इस साल 16 टूर्नामेंटों लिया हिस्सा

जोकोविच ने इस साल अब तक केवल 16 टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया है, जो एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 95 खिलाड़ियों में सबसे कम है। वह विंबलडन के सेमीफाइनल तक पहुंचे, जहां उन्हें यानिक सिनर से हार मिली। फ्रेंच ओपन में वह चौथे दौर में बाहर हुए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में उन्हें कार्लोस अल्काराज के हाथों हार का सामना करना पड़ा। सिनसिनाटी ओपन में हार से पहले उन्होंने विंबलडन के बाद कोई मुकाबला नहीं खेला था।



मेरे लिए शुरुआती मुकाबले चुनौती - पूर्ण : नोवाक

जोकोविच ने हालांकि नाओने को हल्के में लेने से इनकार किया। जोकोविच ने कहा, 'देखते हैं मुकाबला कैसा रहता है। पिछले कुछ वर्षों में मेरे लिए शुरुआती मुकाबले काफी चुनौतीपूर्ण रहे हैं। उम्मीद है कि मैं पहली बाधा पार कर आगे लय हासिल कर सकूंगा।'

20वीं बार यूएस ओपन में ले रहे भाग

जोकोविच 20वीं बार यूएस ओपन में हिस्सा ले रहे हैं। वह इसके साथ ही पुरुष एकल में इस उपलब्धि को हासिल करने वाले जिमी कॉनर्स, आंद्रे अगासी और फेलिसियानो लोपेज की सूची में शामिल हो जाएंगे। जोकोविच ने कहा कि लंबे समय तक खेलना उनके करियर के शुरुआती दौर से ही लक्ष्य रहा है। 2005 में पदार्पण के बाद वह सिर्फ 2017 में यूएस ओपन में नहीं खेल पाए थे, जब कोहनी की चोट के कारण उन्हें नाम वापस लेना पड़ा था। उन्होंने 2011, 2015, 2018 और 2023 में यह खिताब जीता।

विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

सरगुजा की मिट्टी में जन्मी एक कला ने जब गांव की दीवारों से निकलकर दुनिया के कला मंच तक दस्तक दी, तो उसके पीछे थी एक ऐसी कलाकार की साधना, जिसने बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के अपनी कल्पना को पहचान दी। सोना बाई रजवार ने मिट्टी, दीवार और प्रकृति से जुड़ी पारंपरिक भित्ति कला को अपनी विशिष्ट शैली देकर नई ऊंचाई दी। पुहपुटरा के एक छोटे से घर से शुरू हुआ उनका कला-सफर अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया तक पहुंचा। उन्होंने विदेशों में अपनी कला का प्रदर्शन करने के साथ विद्यार्थियों को इस विरासत से परिचित कराया और सरगुजा की माटीकला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।



सोना बाई रजवार

पुहपुटरा से पेरिस तक सोना बाई रजवार





चारदीवारी के भीतर रची अपनी नई दुनिया

कभी-कभी परिस्थितियां इंसान के सामने विकल्प सीमित कर देती हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हीं सीमाओं के भीतर अपनी अलग दुनिया रच लेते हैं। सरगुजा की भित्तिचित्र कलाकार सोना बाई रजवार ऐसी ही असाधारण प्रतिभा थीं। बिना किसी औपचारिक कला शिक्षा और महंगे रंग-ब्रश के उन्होंने मिट्टी और दीवारों को अपनी कल्पना का कैनवास बनाया। सोना बाई के लिए घर की दीवारें महज दीवारें नहीं थीं। मिट्टी से उभरी आकृतियों में कहीं पशु-पक्षी थे, कहीं मानव आकृतियां, कहीं प्रकृति और कहीं ज्यामितीय संरचनाएं। उनकी कला की खासियत यह थी कि वे मिट्टी को दीवार से उभारकर त्रि-आयामी प्रभाव पैदा करती थीं।



घर और परिवार के बीच पनपी कला

कम उम्र में उनका विवाह पुहपुटरा गांव के होलीराम रजवार से हुआ। विवाह के बाद घर-परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उनका काफी समय अकेले बीतता था। पति खेती के काम से बाहर रहते और बेटा भी पढ़ाई के लिए बाहर रहने लगा। इसी एकांत में सोना बाई ने मिट्टी से अपने संवाद की शुरुआत की। बेटे के लिए मिट्टी के खिलौने बनाने से शुरू हुआ सिलसिला धीरे-धीरे दीवारों की कलाकृतियों तक पहुंचा।



छुही मिट्टी से दीवारों पर उकेरी विशिष्ट शैली

रजवार समाज में दीवारों की लिपाई और सजावट की पुरानी परंपरा थी। छुही मिट्टी से दीवारों पर लिपाई, उंगलियों से धारियां और मिट्टी-गोबर के गारे से आकृतियां बनाना इस परंपरा का हिस्सा था। सोना बाई इस परंपरा में दक्ष थीं, लेकिन उन्होंने यहीं रुकने के बजाय अपनी प्रतिभा और कल्पना से इसे नई दिशा दी। उन्होंने मिट्टी की आकृतियों को दीवार से उभारकर अपनी विशिष्ट शैली विकसित की।

मिट्टी से शुरुआत, पहचान के लिए लंबा संघर्ष

सोना बाई की कला यात्रा किसी कला विद्यालय, बड़े मंच या प्रशिक्षित गुरु के सान्निध्य से शुरू नहीं हुई थी। उनकी कला की पहली पाठशाला उनका अपना गांव, घर और उसके आसपास का जीवन था। लगभग 1930 के आसपास सरगुजा के गणेशपुर गांव में जन्मीं सोना बाई रजवार समुदाय से थीं। रजवार समाज में घर की दीवारों को मिट्टी से लीपने और उन्हें पारंपरिक आकृतियों से सजाने की पुरानी परंपरा थी। सोना बाई ने इसी परंपरा को अपने जीवन में देखा, सीखा और धीरे-धीरे उसे अपनी कल्पना का माध्यम बना लिया। उनके पास न कोई औपचारिक कला शिक्षा थी, न आधुनिक उपकरण और न ही महंगे रंग-ब्रश। ग्रामीण जीवन की सामान्य जिम्मेदारियों के बीच ही उनके भीतर की कलाकार आकार ले रही थी। विवाह के बाद जब परिवार के पुरुष खेती-किसानी के काम से बाहर रहते और बेटा भी पढ़ाई के लिए बाहर रहने लगा, तब घर में अकेले बिताया समय सोना बाई के लिए रचनात्मकता का समय बन गया। शुरुआत बेटे के लिए मिट्टी के खिलौने बनाने से हुई। इसके बाद मिट्टी से आकृतियां गढ़ने और घर की दीवारों को सजाने का सिलसिला आगे बढ़ता गया। धीरे-धीरे उन्होंने पारंपरिक भित्ति सज्जा को अपनी कल्पना के अनुरूप नया रूप देना शुरू किया। वह मिट्टी को केवल दीवार पर लगाती नहीं थीं, बल्कि उससे आकृतियों को उभार देती थीं। पक्षी, पशु, मानव आकृतियां, प्रकृति और ज्यामितीय संरचनाएं उनकी दीवारों पर जीवंत होने लगीं।

पुहपुटरा की गलियों से सात समुंदर पार पहुंची कला

सरगुजा की मिट्टी में लोककला की एक समृद्ध परंपरा रही है। इसी सांस्कृतिक परिवेश में लगभग 1930 के आसपास गणेशपुर गांव में सोना बाई रजवार का जन्म हुआ। उनका परिवार खेती-किसानी से जुड़ा था। ग्रामीण जीवन की सहजता, प्रकृति के करीब रहना और मिट्टी से रोजमर्रा का रिश्ता उनके बचपन का हिस्सा था।

सोना बाई रजवार समुदाय से थीं। रजवार समाज में घर को साफ-सुथरा रखने और उसकी दीवारों को मिट्टी से सजाने की एक पुरानी परंपरा रही है। गांव के घरों की दीवारों पर छुही मिट्टी, यानी सफेद मिट्टी, से लिपाई की जाती थी। सूती कपड़े के टुकड़े को मिट्टी के घोल में डुबोकर दीवार पर पोंछा लगाया जाता और फिर उंगलियों की मदद से दीवारों पर अलग-अलग तरह की धारियां



और पैटर्न बनाए जाते थे। कई बार लिपाई से पहले गोबर और मिट्टी के गारे से दीवार पर आकृतियां भी उकेरी जाती थीं। यह रजवार समाज की पारंपरिक गृहसज्जा का हिस्सा था और लगभग हर रजवार लड़की इस कला से परिचित होती थी। यही वह वातावरण था जिसने सोना बाई के भीतर कला की शुरुआती समझ पैदा की। उनके लिए मिट्टी केवल घर बनाने या दीवार लीपने की सामग्री नहीं थी, बल्कि धीरे-धीरे वह अभिव्यक्ति का माध्यम बनती चली गई। बचपन में उनके आसपास जो कुछ था-मिट्टी, घर-आंगन, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और गांव का जीवन- आगे चलकर उनकी कलात्मक दुनिया का हिस्सा बनने लगा। सोना बाई के पास न कोई कला विद्यालय था, न कोई प्रशिक्षित गुरु और न ही आधुनिक कला उपकरण। गांव का जीवन ही उनका पहला विद्यालय बना। रजवार समाज की पारंपरिक भित्ति सज्जा से उन्हें तकनीक और आधार मिला, लेकिन उस परंपरा को अपनी विशिष्ट शैली में बदलना उनकी अपनी प्रतिभा और कल्पना का परिणाम था। उन्होंने पारंपरिक लिपाई और सजावट से आगे बढ़कर मिट्टी को दीवार पर उभारना शुरू किया और उससे पशु-पक्षियों, मानव आकृतियों, प्रकृति तथा दूसरी कल्पनाशील संरचनाओं को आकार दिया। इस तरह गणेशपुर का ग्रामीण परिवेश, रजवार समाज की परंपरा और मिट्टी से जुड़ा जीवन सोना बाई की कला की शुरुआती जमीन बना।

सिर्फ कलाकार नहीं, एक परंपरा की पहचान

सोना बाई की खासियत केवल उनकी कलाकृतियों की सुंदरता नहीं थी। उन्होंने रजवार समुदाय की पारंपरिक भित्ति कला को अपनी रचनात्मकता से नई पहचान दी। उनकी कला ने यह साबित किया कि प्रतिभा के लिए न बड़े शहर जरूरी हैं, न बड़े संस्थान और न ही महंगे संसाधन।



अपनी अलग शैली विकसित की

1983 के बाद सोना बाई की कला का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण हुआ। उनकी कलाकृतियों की तस्वीरें ली गईं और उनकी कला को व्यापक पहचान मिलने लगी। पुहपुटरा की दीवारों से निकलकर उनकी कला देश के अलग-अलग हिस्सों और फिर अंतरराष्ट्रीय कला जगत तक पहुंची। उनकी कलाकृतियों में प्रकृति, पशु-पक्षी, मानव आकृतियां, पेड़-पौधे और ज्यामितीय संरचनाएं दिखाई देती थीं। मिट्टी से दीवार पर उभारी गई आकृतियां उनकी कला को विशिष्ट बनाती थीं। उनकी कला को केवल परिस्थितियों या अकेलेपन की उपज मानना पर्याप्त नहीं है। वे एक स्वतंत्र रचनाकार थीं, जिन्होंने प्रयोग किए और अपनी अलग शैली विकसित की।

1983 में दुनिया की नजर पड़ी

साल 1983 सोना बाई के जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। लोक और पारंपरिक कलाओं की खोज तथा दस्तावेजीकरण के लिए सरगुजा पहुंची एक टीम को पुहपुटरा गांव के उनके घर की दीवारों पर बनी असाधारण मिट्टी की कला के बारे में जानकारी मिली। कला शोधकर्ता मुश्ताक खान के नेतृत्व में टीम उनके घर पहुंची। वहां बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के एक ग्रामीण महिला द्वारा बनाई गई जटिल और कल्पनाशील कलाकृतियों ने सभी का ध्यान खींचा।

सम्मान से बढ़ा कद

1983 तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के हाथों राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित।

1986 मध्य प्रदेश सरकार ने तुलसी सम्मान से सम्मानित किया।

1986 अमेरिका के सैन डिएगो के मिन्गेई इंटरनेशनल म्यूजियम में 42 दिनों की कार्यशाला के लिए आमंत्रित किया गया। वहां उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया और छात्रों को इस कला के बारे में प्रशिक्षण दिया।

1998 ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में कार्यशाला लेकर छात्रों को इस कला की जानकारी दी।

2002 तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा उन्हें शिल्प गुरु के खिताब से नवाजा गया।

2004 छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य सम्मान से सम्मानित किया।









पुहपुटरा में विरासत को सहेजने की कोशिश

सोना बाई की स्मृति में पुहपुटरा में संग्रहालय की स्थापना का प्रयास किया गया, ताकि आने वाली पीढ़ियां सिर्फ उनका नाम न सुनें, बल्कि उनकी कला को करीब से देख और समझ सकें।

2007 में दुनिया को कहा अलविदा

सोना बाई रजवार एक ऐसी कलाकार थीं जिन्होंने बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के अपनी कल्पना से मिट्टी को कला में बदल दिया। उनकी बनाई भित्ति कला ने रजवार परंपरा को नई पहचान दी, और सरगुजा की इस लोक कला को देश-दुनिया तक पहुंचाया।आज सोना बाई हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी बनाई दीवारें आज भी बोलती हैं। वह बताती हैं कि मिट्टी सिर्फ घर नहीं बनाती। मिट्टी इतिहास भी बनाती है और उस इतिहास में सरगुजा की सोना बाई रजवार का नाम हमेशा जीवित रहेगा। समय बीतता गया। सोना बाई की उम्र बढ़ती गई। लेकिन उनकी कला की पहचान लगातार बढ़ती रही। 2007 में उनका निधन हो गया। एक कलाकार चली गई। लेकिन उनकी बनाई दुनिया पीछे रह गई। उनकी कला उनकी शैली, उनकी कहानी और सरगुजा की मिट्टी से जुड़ी उनकी पहचान।बाद की पीढ़ियों ने भी इस कला परंपरा को आगे



बढ़ाया।उनकी स्मृति में पुहपुटरा में संग्रहालय की स्थापना का प्रयास किया गया।ताकि आने वाली पीढ़ियां सिर्फ सोना बाई का नाम न सुनें...बल्कि उनकी कला को करीब से देख सकें। आज सरगुजा बदल रहा है।गांव बदल रहे हैं। घर बदल रहे हैं, दीवारों पर सीमेंट और पेंट बढ़ रहा है लेकिन सोना बाई की कला हमें उस समय की याद दिलाती है। जब घर की दीवारें ही कलाकार का कैनवास हुआ करती थीं।आज जरूरत है। इस कला को सिर्फ संग्रहालय तक सीमित रखने की नहीं। बल्कि नई पीढ़ी तक पहुंचाने की। गांव की महिलाओं को प्रशिक्षण मिले। बच्चों को इस कला से जोड़ा जाए। कलाकारों को बाजार मिले। और सरगुजा की इस पारंपरिक कला को देश-दुनिया में नई पहचान मिले।सोना बाई की कहानी। एक महिला की कहानी है।एक कलाकार की कहानी है। एक गांव की कहानी है।और उस मिट्टी की कहानी है। जिसे दुनिया ने कभी सिर्फ मिट्टी समझा।लेकिन सोना बाई ने उसी मिट्टी में जिंदगी देखी। उन्होंने दीवारों को आवाज दी। आकृतियों को कहानी दी। और अपनी कल्पना को पहचान दी।उनका जीवन हमें एक बहुत बड़ी बात सिखाता है कि प्रतिभा हमेशा बड़े शहरों में पैदा नहीं होती।कभी-कभी वह किसी छोटे से गांव की मिट्टी में जन्म लेती है।किसी कच्चे घर की दीवार पर आकार लेती है।

उनकी उपलब्धियों पर पूरे समाज और प्रदेश के कलाकारों को गर्व



सोना बाई बिल्कुल भी पढ़ी लिखी नहीं थी लेकिन अपने कला और हुनर के बल पर देश विदेश में नाम कमाया और समाज का गौरव बनी । उनकी उपलब्धियों पर पूरे समाज और प्रदेश के कलाकारों को गर्व है ।

-पंडितराम रजवार, वरिष्ठ मृदाशिल्पी

अपनी कला से बनाई पहचान



सोना बाई हमारे समाज की महिला थी, निरक्षर होने के बावजूद सोना बाई ने अपनी कला को अपनी पहचान बनाया और देश विदेश में इसके बूते सफलता के झंडे गाड़े ..हमारा रजवार समाज उनकी उपलब्धियों से गौरवान्वित महसूस करता है । समाज भी अपने स्तर पर रजवार शैली को संरक्षित करने के लिए प्रयास उठाते आया है

-शिवनारायण राम रजवाड़े
जिला अध्यक्ष, रजवार समाज, अंबिकापुर

सोमवार रात 7.55 बजे

प्रतिभा से देश-विदेश में बनाई पहचान



सोना बाई भित्तिचित्र कला की बहुत बड़ी कलाकार थीं। उन्होंने अपनी अनूठी कला और प्रतिभा से देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पहचान बनाई। अमेरिका में भी उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया और लोगों को भित्तिचित्र बनाने की कला सिखाई।

-राजेश अग्रवाल
पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री (छग.)

मेरी माता के हाथों में बसा था हुनर



मेरी मां पढ़ी-लिखी नहीं थीं, लेकिन उनके अंदर कला का अथाह भंडार था। उनके हाथों में जैसे हुनर बसता था। उन्हें भित्तिचित्र बनाने और रंगों के साथ खूबसूरत प्रयोग करने की अद्भुत कला थी। मुझे भी उनके साथ विदेश यात्राओं पर जाने का अवसर मिला। उनके साथ रहते हुए मैंने करीब से उनकी कला को देखा।

-दरोगा राम राजवाड़े, सोनाबाई के पुत्र

बिना किसी प्रशिक्षण के अद्भुत कलाकारी ने सबको चौंकाया



साल 1983 में लोक और पारंपरिक कलाओं की खोज कर रही टीम सरगुजा पहुंची। मुश्ताक खान के नेतृत्व में टीम ने पुहपुटरा गांव में सोना बाई की अनोखी मिट्टी और भित्तिचित्र कला देखी। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के उनकी अद्भुत कलाकारी ने सबको चौंका दिया। यहीं से उनकी कला का दस्तावेजीकरण शुरू हुआ।

-सुधीर पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार, अंबिकापुर

भित्तिचित्रों में चिड़ियां बनाना बहुत पसंद था



घर में ज्यादातर भित्तिचित्रों में चिड़िया बनाना मुझे बहुत पसंद है। चिड़िया मेरे लिए स्वतंत्रता, प्रकृति और जीवन की सुंदरता का प्रतीक हैं। अलग-अलग रंगों और आकृतियों के जरिए दीवारों पर चिड़ियों को उकेरना मुझे बहुत अच्छा लगता है। यह कला मुझे परिवार से विरासत में मिली है और इसे आगे बढ़ाना मेरे लिए गर्व की बात है।

-मुनिता देवी, बहू

प्रतिभा और मेहनत से पूरे क्षेत्र का नाम किया रोशन



मेरी दादी सास का नाम देश-विदेश में अपनी कला के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी कला को दुनिया भर में पहचान मिलना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उनकी विरासत को आगे बढ़ाना हमारे लिए सम्मान और सौभाग्य है।

-मनीषा राजवाड़े, पोता बहू
पुहपुटरा, अंबिकापुर

सरगुजा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान



सोना बाई ने अपनी अद्भुत भित्तिचित्र कला के माध्यम से सरगुजा को देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उनकी कला की विशिष्ट शैली और रचनात्मकता ने कला जगत में स्थान बनाया। उनकी प्रतिभा और योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए।

-मुकेश तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता

उनकी शैली हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा रही



सोना बाई जी की अद्भुत कला ने सरगुजा की लोक परंपरा को एक अलग पहचान दिलाई। दीवारों पर भित्तिचित्र और मिट्टी की कला की उनकी अनूठी शैली रजवार समाज की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा रही है। आज भी रजवार समाज के कई घरों में भित्तिचित्र कला देखने को मिलती है।

-संतोष दास, साहित्यकार, अंबिकापुर

सहज और मौलिक कला उनकी विशिष्ट पहचान बनी



वे अपने आसपास की प्रकृति, पशु-पक्षियों और रोजमर्रा के जीवन में दिखाई देने वाली चीजों को ध्यान से देखतीं और उन्हें अपनी कल्पनाशील कला के माध्यम से दीवारों और मिट्टी पर उकेरती थीं। उनकी यही सहज और मौलिक कला उनकी विशिष्ट पहचान बनी। उनके परिवार की अगली पीढ़ी आगे बढ़ा रही है।

-अर्चना पाठक, लोक संस्कृतिकर्मी, रायपुर

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com